दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 293 जयपुर | बुधवार, 28 अगस्त, 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष दशमी संवत्-2081 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## जय शाह निर्विरोध आईसीसी के चेयरमैन चुने गए

### 1 दिसंबर को पद संभालेंगे; रोहन जेटली बन सकते हैं बीसीसीआई के सचिव



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 35 साल के जय शाह मंगलवार, 27 अगस्त को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन चुने गए। इस पद के लिए शाह के खिलाफ किसी ने आवेदन नहीं किया था। ऐसे में चुनाव नहीं हुआ और वे निर्विरोध चुन लिए गए। वे मौजूदा चेयरमैन ग्रेग बार्कले की जगह लेंगे। जय 1 दिसंबर को चेयरमैन का पद संभालेंगे। वह फिलहाल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव हैं। बीसीसीआई को अब सचिव पद पर नई पोस्टिंग करनी होगी। अरुण जेटली के बेटे और दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट रोहन जेटली बीसीसीआई के नए सचिव बन सकते हैं। आईसीसी के मौजूदा चेयरमैन न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर को खत्म होगा। आईसीसी ने 20 अगस्त को बताया था कि बार्कले लगातार तीसरी बार चेयरमैन नहीं बनेंगे। वह 2020 से इस पद पर थे। नवंबर में वह अपना पद छोड़ देंगे। शाह ही थे इकलौते उम्मीदवार-आईसीसी चेयरमैन पद के लिए नॉमिनेशन फाइल करने की आखिरी तारीख आज ही थी। जय के अलावा पद के लिए किसी भी उम्मीदवार ने नॉमिनेशन नहीं भरा। शाह फिलहाल आईसीसी के फाइनेंस और कॉमर्स मामलों की सब-कमेटी का हिस्सा भी हैं।

#### शाह बोले- चेयरमैन चुनने के लिए धन्यवाद

जय शाह ने कहा, मुझे आईसीसी का चेयरमैन चुनने के लिए सभी का धन्यवाद। मैं क्रिकेट को ग्लोबली बढ़ाने के लिए काम करते रहूंगा। फिलहाल क्रिकेट के मल्टिफल फॉर्मेट को बढ़ावा देना जरूरी है। मैं खेल में नई टेक्नोलॉजी लाने की कोशिश करूंगा, साथ ही वर्ल्ड कप जैसे इवेंट्स को ग्लोबल मार्केट्स तक भी पहुंचाउंगा। शाह ने आगे कहा, क्रिकेट का ओलिंपिक 2028 में शामिल होना बड़ी उपलब्धि है। इसे हम ओलिंपिक के जरिए ग्लोबल पहचान दिलाएंगे और ज्यादा देशों तक पहुंचाने की कोशिश करेंगे। सबसे युवा चेयरमैन होंगे जय शाह-35 साल के जय शाह इसी साल 22 सितंबर को 36 साल के हो जाएंगे। वह 1 दिसंबर को 36 साल की उम्र में आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे। वह आईसीसी के 16वें चेयरमैन होंगे, उनसे पहले सभी 15 चेयरमैन की उम्र 55 साल से ज्यादा ही रही। शाह से पहले 2006 में साउथ अफ्रीका के पर्सी सोन 56 साल की उम्र में प्रेसिडेंट बने थे। उनसे 20 साल छोटे शाह अब 36 साल की उम्र आईसीसी के सबसे युवा चेयरमैन बनेंगे।

## शराब नीति घोटाला केस में के. कविता को जमानत

### सुप्रीम कोर्ट बोला- जांच हो चुकी, ट्रायल में देरी होगी; महिला हैं बेल मिलनी चाहिए

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब नीति केस में आरोपी भारत राष्ट्र समिति लीडर के कविता को सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस केस में जांच पूरी हो चुकी है। ट्रायल के जल्द पूरा होने की उम्मीद नहीं है। के कविता 5 महीने से जेल में बंद हैं। महिला हैं और पीएमएलए के सेक्शन 45 के तहत उन्हें जमानत मिलनी चाहिए। इसी कोर्ट में कई आदेशों में कहा गया है कि अंडर ट्रायल कस्टडी को सजा में नहीं बदलना चाहिए। तेलंगाना के पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता को ईडी ने 15 मार्च को हैदराबाद से अरेस्ट किया था। इसके बाद सीबीआई ने उन्हें 11 अप्रैल को कस्टडी में लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और ईडी दोनों केस में के कविता को जमानत दी है। इससे पहले के कविता 1 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत के लिए गई थीं। कोर्ट ने कहा था कि वो मुख्य आरोपी हैं और जांच अभी अहम मोड़ पर है। अभी जमानत नहीं दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देते वक्त हाईकोर्ट के इस फैसले का भी जिक्र किया और उस पर टिप्पणी की।

## विज्ञापनों से जुड़े केंद्र के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

### सरकार ने आयुर्वेदिक-यूनानी दवाओं को नियम 170 से छूट दी थी; यह भ्रामक विज्ञापन रोकता है

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (27 अगस्त) को ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स रूल्स, 1945 के नियम 170 हटाने के केंद्र के फैसले पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने इससे जुड़ा आयुष मंत्रालय का नोटिफिकेशन भी रद्द कर दिया है। नियम 170 आयुर्वेदिक, सिद्ध या यूनानी दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाता है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने केंद्र को फटकार लगाई। कहा कि मंत्रालय का नोटिफिकेशन उसके 7 मई, 2024 के आदेश के खिलाफ है। सरकार कोर्ट के आदेश के बावजूद नियम 170 हटाने का फैसला कैसे कर सकते हैं? दरअसल, केंद्र ने 29 अगस्त, 2023 को एक लेटर जारी किया था। इसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नियम 170 के तहत कंपनियों पर कोई कार्रवाई शुरू या नहीं करने को कहा गया था। नियम 170 को 2018 में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स रूल्स,1945 में जोड़ा गया था। इसमें कहा गया कि आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी दवाएं, जिस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में बन रही है, वहां की लाइसेंसिंग अथॉरिटी के अप्रूवल के बिना विज्ञापन नहीं दिया जा सकेगा।

## हरियाणा चुनाव की तारीख पर मीटिंग खत्म:25 सितंबर या 7 अक्टूबर को वोटिंग पर चर्चा, ऐलान होना बाकी; कांग्रेस ने स्क्रीनिंग कमेटी मीटिंग टाली

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तारीख बदलने को लेकर चुनाव आयोग की बैठक खत्म हो गई है। इसमें 25 सितंबर या 7 अक्टूबर को वोटिंग करवाने पर चर्चा हुई। अभी इसको लेकर ऐलान नहीं हुआ। कुछ देर बाद चुनाव आयोग इसको लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सकता है भाजपा और इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने चुनाव आयोग को चिट्ठी भेजकर छुट्टियों और बिश्नोई समाज के धार्मिक कार्यक्रम का हवाला देकर तारीख बदलने की मांग की थी। माना जा रहा है कि चुनाव आयोग प्रदेश की वोटिंग की तारीख 1 अक्टूबर से 6 दिन पहले या 6 दिन बाद में नई तारीख तय कर सकता है। 6 दिन पहले यानी 25 सितंबर को वोटिंग के लिए तर्क दिया जा रहा है कि इसी दिन जम्मू-कश्मीर में दूसरे चरण के लिए मतदान होगा। ऐसे में आयोग को मतगणना की 4 अक्टूबर की तारीख को नहीं बढ़ाना पड़ेगा।

## राजस्थान से रवनीत बिट्टू बने राज्यसभा सांसद

### निर्विरोध जीत हुई; कांग्रेस ने नहीं उतारा था अपना उम्मीदवार

बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब से केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू राज्यसभा सांसद बन गए हैं। मंगलवार उनकी जीत पर मोहर भी लग गई। दरअसल, राज्यसभा चुनावों के नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख मंगलवार को थी और 3 बजे के बाद परिणाम की घोषणा हो गई हैं। कांग्रेस की तरफ से इन उप-चुनावों में कोई उम्मीदवार ना उतारने के फैसले से बिट्टू की जीत पहले ही एकतरफा हो चुकी थी। कांग्रेस की तरफ से इन उप-चुनावों में उम्मीदवार ना उतारने के बाद नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में 3 उम्मीदवार ही बचे थे। बीजेपी के डमी उम्मीदवार सुनील कोठारी अपना नामांकन पहले ही वापस ले चुके हैं। इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवार बबीता वाधवानी का भी नामांकन पत्र था, जिसे जांच के बाद रद्द कर दिया गया था। जिसके बाद बिट्टू ही मैदान में बचे थे।

#### रवनीत बिट्टू की जीत का गणित

राज्यसभा के सदस्यों को विधायक चुनते हैं। राज्यसभा के चुनाव में अपनाए जाने वाले फॉर्मूले के हिसाब से जितनी सीटें खाली होती हैं, उसमें एक जोड़कर जितनी विधानसभा सीटें होती हैं, उसमें भाग दिया जाता है। भाग के परिणाम में एक जोड़ा जाता है। इससे जो रिजल्ट आता है, उतने वोट एक सीट पर जरूरी होते हैं। राजस्थान में 1 सीट पर चुनाव होगा। इसमें 1 जोड़ेंगे तो 2 होंगे। राजस्थान में कुल 200 विधानसभा सीटें हैं, लेकिन 6 सीटें खाली हैं। ऐसे में 194 में 2 का भाग देकर रिजल्ट में 1 जोड़ेंगे तो संख्या 98 आएगी। इस तरह राज्यसभा चुनाव में जीत के लिए 98 वोट चाहिए।



#### दूसरी बार भी अन्य राज्य से चुनाव लड़ेंगे बिट्टू

कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल के लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद खाली हुई सीट पर ये उपचुनाव हो रहा है। इस सीट पर सदस्यता का कार्यकाल 21 जून 2026 तक रहेगा। बता दें राजस्थान में कुल 10 राज्यसभा सीटें हैं। मौजूदा समय में बीजेपी के पास 4 और कांग्रेस के पास 5 सीटें हैं। ऐसे में रवनीत बिट्टू की सदस्यता जून 2026 में खत्म हो जाएगी। जिसके बाद केंद्रीय राज्यमंत्री बने रहने के लिए बिट्टू को दोबारा राज्यसभा का ही रुख करना होगा। पंजाब की बात करें तो यहां की 7 में से कोई भी सीट 2028 से पहले खाली नहीं होगी। वहीं, अगले लोकसभा चुनाव भी 2029 में ही होंगे।

#### जरूरत पड़ती तो ही हो सकती थी वोटिंग

नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख भी 27 अगस्त थी। इसके बाद परिणाम की घोषणा हो गई। अगर जरूरत पड़ती या कोई विरोध सामने आता तो ही 3 सितंबर को वोटिंग करवाई जा सकती थी। इसके बाद शाम 5.00 बजे काउंटिंग भी होनी थी। लेकिन आज किसी की तरफ से ना विरोध दर्ज किया गया।

#### कांग्रेस ने नहीं उतारा उम्मीदवार

राज्यसभा सीट को लेकर कांग्रेस ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि पार्टी इस बार राज्यसभा सीट के चुनाव को लेकर कोई उम्मीदवार नहीं उतारेगी, क्योंकि बीजेपी के पास इस सीट को जीतने के लिए पर्याप्त संख्या बल है। ऐसी स्थिति में कांग्रेस को जीत की कोई गुंजाइश नहीं दिखने के कारण उन्होंने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था।

## नेशनल कॉन्फ्रेंस की दूसरी लिस्ट- 32 कैंडिडेट्स के नाम

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस ने मंगलवार (27 अगस्त) को दूसरी लिस्ट जारी की। इसमें 32 नाम हैं। पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला गांदरबल से और तनवीर सादिक जदीबल सीट से चुनाव लड़ेंगे।

पार्टी ने 26 अगस्त को 18 उम्मीदवार घोषित किए थे। पार्टी अब तक 50 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। जबकि एक नाम का ऐलान होना अभी बाकी है। राज्य में एनसी और कांग्रेस का गठबंधन है। 90 सीटों में से नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 और कांग्रेस 32 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 5 सीटों पर फ्रेंडली फाइट होगी। 2 सीटें सीपीआई और पेंथर्स पार्टी को मिली हैं। राज्य में 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को चुनाव होंगे। रिजल्ट 4 अक्टूबर को आएगा।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी 21 अगस्त की शाम श्रीनगर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन और सीट बंटवारे को लेकर मीटिंग की।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 सितंबर तक बढ़ी

### सीएम बोले- शुगर लेवल डाउन हो रहा, लंच की मांग की; सीबीआई ने 14 दिन की कस्टडी मांगी थी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई केस में सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 3 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। केजरीवाल तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए।

उन्होंने कोर्ट को बताया कि उनका शुगर लेवल डाउन हो रहा है। इसी वजह से लंच करने की इजाजत मांगी है। सीबीआई ने 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी की मांग की थी, लेकिन अदालत ने एक हफ्ते ही हिरासत बढ़ाई।

इससे पहले 20 अगस्त को लोअर कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी थी। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट ने 5 अगस्त को केजरीवाल की सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। साथ ही जमानत के लिए लोअर कोर्ट जाने को कहा था। 23 अगस्त को सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि उन्हें शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और आप विधायक दुर्गेश पाठक पर केस चलाने की मंजूरी मिल गई है। सीबीआई ने केजरीवाल के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। इस पर भी आज सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग केस में अरविंद केजरीवाल को 12 जुलाई को जमानत दे दी थी। जमानत देते हुए जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा था कि केजरीवाल 90 दिन से जेल में हैं। इसलिए उन्हें रिहा किए जाने का निर्देश देते हैं। हम जानते हैं कि वह चुने हुए नेता हैं और ये उन्हें तय करना है कि वे मुख्यमंत्री बने रहना चाहते हैं या नहीं। जस्टिस खन्ना ने कहा था कि हम ये मामला बड़ी बेंच को ट्रांसफर कर रहे हैं। गिरफ्तारी की पॉलिसी क्या है, इसका आधार क्या है। इसके लिए हमने ऐसे 3 सवाल भी तैयार किए हैं। बड़ी बेंच अगर चाहे तो केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर बदलाव कर सकती है।



#### 26 जून को सीबीआई ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया था

शराब नीति केस में केजरीवाल के खिलाफ ईडी और सीबीआई का केस चल रहा है। ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। हालांकि, इस मामले में उन्हें पहले ही जमानत मिल चुकी है। वहीं सीबीआई केस में वह जेल में बंद हैं। सीबीआई ने 26 जून को शराब नीति केस में भ्रष्टाचार के आरोपों पर केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।

## विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान

### हरमनप्रीत कौर कप्तान, भारत का पहला मैच 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से होगा

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। हरमनप्रीत कौर को टीम की कमान सौंपी गई है। स्मृति मंधाना को उप कप्तान बनाया गया है। वर्ल्ड कप की शुरुआत 3 अक्टूबर से हो रही है।

फाइनल मुकाबला 20 अक्टूबर को खेला जाएगा। भारतीय टीम का पहला मुकाबला 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से होगा। पहले यह टूर्नामेंट बांग्लादेश में खेला जाना था, लेकिन देश में हुए राजनीतिक तख्तापलट के बाद आईसीसी ने टूर्नामेंट को यूएई शिफ्ट कर दिया। अब शारजाह और दुबई में टूर्नामेंट के सभी मैच होंगे।

**भारत का पहला मुकाबला न्यूजीलैंड से 4 अक्टूबर को**-3 अक्टूबर को बांग्लादेश और स्कॉटलैंड के बीच शारजाह में ओपनिंग मैच होगा। इंडिया विमेंस टीम 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ दुबई में अपना पहला मैच खेलेगी। टीम फिर इसी मैदान पर 6 अक्टूबर को पाकिस्तान से भिड़ेगी। पाकिस्तान अपना पहला मैच 3 अक्टूबर को ही श्रीलंका से खेल लेगा।

**10 टीमें टी-20 वर्ल्ड कप में लेंगी हिस्सा**-यूएई में विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 3 से 20 अक्टूबर तक खेला जाना है। इस वर्ल्ड कप में 10 टीमें हिस्सा लेंगी। 18 दिनों में 23 मैच आयोजित किए जाएंगे। भारत ग्रुप ए में 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ है। इसके अलावा इस ग्रुप में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और क्वालिफायर से आई एक टीम शामिल है। वहीं मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और क्वालिफायर-2 टीम ग्रुप बी में है। इस ग्रुप के सभी मैच ढाका में खेले जाएंगे।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# जयपुर से अपहरण हुए अनुज मीणा को हिमाचल से मुक्त कराया

## मास्टरमाइंड सॉफ्टवेयर इंजीनियर सहित पांच आरोपित चढ़े पुलिस हत्थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर के नाहरगढ थाना इलाके से अठारह अगस्त को अहपरण हुए युवक अनुज मीणा को पुलिस ने 528 किलोमीटर दूर हिमाचल के सोलन से छुड़ाकर अपहरण करने वाली गैंग के मास्टरमाइंड सॉफ्टवेयर इंजीनियर समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है और साथ ही एक महिला को भी पकड़ा है। फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि नाहरगढ़ थाना इलाके से अठारह अगस्त को अपहरण हुए युवक अनुज मीणा के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विरेन्द्र सिंह (40) निवासी डीग-भरतपुर हाल शाहगंज जिला आगरा (यूपी) हाल सोलन (हिमाचल प्रदेश),विनोद (26) निवासी कोतवाली डीग-भरतपुर,अमित कुमार (24) निवासी डीग-भरतपुर, जितेंद्र भंडारी (21) निवासी कठूमर जिला अलवर और एक महिला जमुना सरकार (36) निवासी सोलन (हिमाचल प्रदेश) को गिरफ्तार किया है।



गिरफ्तार आरोपित विरेन्द्र सिंह सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। उसने यूपी में एक काम शुरू किया था। जिसमें उसे भारी नुकसान हुआ था। इस नुकसान की भरपाई के लिए उसने अपहरण का प्लान बनाया था। इन लोगों का पहले कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। जयपुर पुलिस कमिश्नर ने बताया कि अठारह अगस्त को अनुज मीणा (21) और सोनी सिंह चौहान (22) नाहरगढ़ पहाड़ पर घूमने गए थे। देर रात अनुज मीणा के पिता शिव लहरी मीणा ने बेटे को फोन कर घर लौटने के लिए कहा। अनुज ने साढ़े आठ बजे तक घर लौटने की बात कही। इसके बाद अनुज और सोनी सिंह चौहान का फोन बंद हो गया। इसके बाद नाहरगढ़ पहाड़ी पर रात साढे सात बजे कार सवार चार बदमाशों ने अनुज के कपड़े देखकर समझा उसे पैसे वाले का बेटा है। इस पर कार सवार बदमाशों ने अनुज और सोनी सिंह से मारपीट कर नशीली दवा सुंघाकर बेहोश कर दिया। फिर बदमाशों ने अनुज के मुंह पर पट्टी लगा कर कार में डालकर हिमाचल ले गए। घायल सोनी को मौके पर छोड़कर भाग निकले। सोनी को होश आया,तब उसने फोन कर परिवार और पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आधी रात तक नाहरगढ़ की पहाड़ियों में किसी अनहोनी को लेकर अनुज की तलाश शुरू की लेकिन नहीं मिला। जयपुर पुलिस कमिश्नर ने बताया कि आरोपितों ने अपहरण के दो दिन बाद बीस अगस्त को अनुज के मोबाइल से उसके पिता के पास फोन आया। फोन करने वाले ने कहा बेटा उनके पास है। बीस लाख रुपए की व्यवस्था कर। बेटा जिंदा मिल जाएगा। अनुज के पिता शिव लहरी मीणा जयपुर में ऑटो चलाते हैं। बीस लाख रुपए की रकम सुन कर वह घबरा गए और पुलिस को सूचना दी गई। बदमाशों ने बीस अगस्त को पहला कॉल किया था, उसे पुलिस ने ट्रेस किया तो वह मथुरा का निकला। बाईस अगस्त को ही अनुज की मां और पुलिस की टीम पैसा लेकर रवाना हो गए। फिर बदमाशों कॉल आया कि वह इन्तजार करे जल्द बता दिया जाएगा कि कहां आना है। इसके बाद बदमाशों ने अगले दिन शिमला कालका रेलवे स्टेशन आने के लिए कहा। ट्रेन की लास्ट बोगी में बैठने के लिए कहा। तेईस अगस्त की सुबह ट्रेन में युवक की मां और पुलिस बैठ गई। इसके बाद बदमाशों ने धर्मपुर रेलवे स्टेशन के आसपास बैग फेंकने के लिए कहा। इस पर पहले से मौजूद पुलिस टीम को धर्मपुर स्टेशन पर वॉकी-टॉकी लेकर घूम रहे युवक पर शक होने पर उसे डिटेन कर पूछताछ की गई। इस पर आरोपित पुलिस को वहां लेकर गया, जहां अनुज को बंधक बना रखा था। जिस पर अपहरण हुए अनुज को मुक्त कराया और आरोपितों को पकडा।

## पुलिस ऑफिसर्स कांफ्रेंस गुरुवार से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रदेश में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा से जुड़े सरोकारों पर राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारी राजधानी में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में गुरुवार से आयोजित होने वाली दो दिवसीय स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कांफ्रेंस में चिंतन-मनन कर बेहतर पुलिसिंग का रोडमैप तैयार करेंगे। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बताया जयपुर में इस साल की शुरूआत में जनवरी माह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्तर की पुलिस महानिदेशक-पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन में लिए गए निर्णय के क्रम में इस कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड' के विषय पर आयोजित इस विशेष कांफ्रेंस का शुभारम्भ करेंगे। उद्घाटन सत्र में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत और अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) आनंद कुमार सहित राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे। पुलिस महानिदेशक साहू ने बताया कि कांफ्रेंस में दो दिन की अवधि में राज्य में बेहतर पुलिसिंग पर केन्द्रित मुद्दों पर राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और विषय विशेषज्ञ अलग-अलग सेशंस में अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। इन सत्रों में राज्य के एडीजी, रेंज आईजी एवं डीआईजी के अलावा चयनित एसपी, एडिशनल एसपी, डीएसपी और निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में 'ब्रेन स्टॉर्मिंग' करेंगे। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि कांफ्रेंस में न्यू क्रिमिनल लॉज, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स, मादक पदार्थों की तस्करी और रोकथाम, साइबर सिक्योरिटी, क्राइम कंट्रोल, परीक्षाओं में नकल पर लगाम, महिला अपराध, बच्चों और कमजोर तबके के लोगों के विरुद्ध अपराध पर नियंत्रण, रोड सेफ्टी एवं ट्रैफिक मैनेजमेंट तथा आंतरिक सुरक्षा जैसे विषयों पर मंथन किया जाएगा।

## हेड कांस्टेबल आत्महत्या मामला : एएसपी और एसीपी एपीओ, एसआई सस्पेंड

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भांकरोटा थाने में तैनात हेड कांस्टेबल बाबूलाल बैरवा के आत्महत्या के मामले में लगातार धरना प्रदर्शन के आठ दिन बाद सरकार ने एक्शन लिया है। साथ ही इस मामले में एएसपी जगदीश व्यास और एसीपी अनिल शर्मा को एपीओ कर दिया गया है। वहीं एसआई आशुतोष को सस्पेंड कर दिया गया है। प्रशासन और परिवार के बीच वार्ता में सात शर्तो पर सहमति बन गई है। इसके बाद परिवार ने बाबू लाल के शव अंतिम संस्कार किया। घटना के सामने आने के बाद से परिजन सहित अन्य लोग एसएमएस अस्पताल मुर्दाघर के बाहर प्रदर्शन कर धरने पर बैठे थे। धरना स्थल पर विपक्ष के नेता,विधायक सहित अन्य लोग भी परिवार के समर्थन में पहुंचे थे। इस दौरान सरकार और धरने पर बैठे परिजनों के साथ कई दौरे की वार्ताएं चली, लेकिन सहमति नहीं बन पा रही थी। पुलिस के अनुसार मंगलवार को बाबूलाल की पत्नी, उसका बेटा और समाज के लोग सचिवालय पहुंचे। यहां एसीएस होम, डीजीपी राजस्थान सहित कई अधिकारियों की मौजूदगी में बैठक हुई। परिवार की ओर से दी गई शर्तों को सरकार ने मान लिया हैं। सरकार और परिवार के बीच सात शर्तों पर सहमति बनी है। शर्तों के अनुसार प्रकरण के अनुसंधान के लिए एक एसआईटी टीम का गठन अपराध शाखा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन के नेतृत्व में की जाएगी। पुलिस विभाग की तरफ से स्वैच्छिक आर्थिक सहयोग की प्रक्रिया मंगलवार से ही शुरू कर दी जाएगी। एक महीने के अन्दर पूर्ण कर ली जाएगी। मृतक हेड कांस्टेबल बाबूलाल बैरवा के सेवा परिलाभ जो लगभग 55 लाख रुपए है। पेंशन आदि की कार्रवाई तुरंत शुरू करवाई जाएगी। बाबूलाल बैरवा के बेटे तनुज गोठवाल को अनुकम्पा नियुक्ति दी जाएगी।

## मां श्री शाकंभरी 27वीं विशाल पदयात्रा व वार्षिक मेले को लेकर दिया निमंत्रण



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (सत्यनारायण कुमावत)।** प्राचीन ऐतिहासिक एवं शक्तिपीठ वह सांभर क्षेत्र की आदिष्ठात्री देवी शाकंभरी माता की पदयात्रा को लेकर आयोजन समिति के सदस्यो ने निमंत्रण दिया। संचालक एवं संरक्षक देवी उपासक बन्नाराम सैनी ने जानकारी देते हुए सांभर कस्बे से हर वर्ष की भांति इस वर्ष मां श्री शाकंभरी की 27 वीं विशाल पदयात्रा मंगलवार 10 सितंबर को रवाना होगी और वार्षिक मेले का आयोजन बुधवार 11 सितंबर को आयोजित होगा इसी को लेकर आज सांभर फुलेरा पदयात्रा संघ के द्वारा माता की पूजा अर्चना कर सांभर सहित आसपास क्षेत्र की अमन चैन कामना कर पदयात्रा का निमंत्रण दिया गया। इस मौके पर माली सैनी समाज अध्यक्ष फुलेरा तेजकरण सैनी, ओम प्रकाश सैनी, दिनेश बनजारा, रोहित सैनी, लालाराम गढ़वाल, प्रियांशु सैनी सहित कई प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कृष्णमय हुआ कस्बा



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** कस्बे मे सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। इस अवसर पर कस्बे के विभिन्न मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण की जीवनी पर झांकिया सजाई गई। लोग परिवार सहित मन्दीरो पर जाकर झांकिया देख कर भगवान के दर्शन लाभ ले रहे है। इसी क्रम मे रेलवे शिव मन्दिर, गांधी चोक स्थित शिवालय, शब्जीमंडी मे गोविन्द देव मन्दिर, बड की ढाणी,स्कूल की ढाणी सहित दर्जनो मन्दिरो पर भगवान की झांकिया सजाई गई.।

## आठ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को मिली एसीबी में पोस्टिंग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में आठ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को पोस्टिंग मिली है। हाल ही में मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी ने इंटरव्यू लिए थे। गृह विभाग ने अब इनकों एसीबी में पोस्टिंग के आदेश जारी किए है। आदेशानुसार नरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र डूकिया, रामेश्वर लाल, मांगी लाल राठौड़, आशीष कुमार, अनन्त कुमार,पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ और ओमप्रकाश किलानियां को एसीबी में पोस्टिंग दी है।

## महिला की हत्या कर पति द्वारा जहर पीने का मामला, एक महिने पहले ही पत्नी को दे दी थी मौत की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** शिप्रापथ थाना इलाके में महिला की हत्या कर पति द्वारा जहर पीने के मामले में कई अहम बातें सामने आ रही है। पति ने एक महिने पहले ही रुपयों की डिमांड रखने के साथ महिला को हत्या की चेतावनी दे दी थी। फिलहाल आरोपित का अस्पताल में उपचार जारी है। अस्पताल से छुट्?टी मिलने के बाद पुलिस आरोपित से पूछताछ करेगी। आरोपित ने महिला से करीब 50 लाख रुपए की डिमांड की थी। इसकों लेकर मृतका ने अपने भाई को बताया था। थानाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि मृतका सरिता के करौली निवासी भाई संदीप कुमार गर्ग ने आरोपी विष्णु गुप्ता के खिलाफ सोमवार को हत्या का मामला दर्ज करवाया है। संदीप ने रिपोर्ट में बताया कि विष्णु गुप्ता रुपए और प्रॉपर्टी को लेकर सरिता को तंग करता था। रुपए-प्रॉपर्टी के लालच के चलते सरिता के साथ मारपीट भी करता था। इसको लेकर पहले भी कई बार समझाने का प्रयास किया था। रिश्तेदारों ने समझा कर दोनों के बीच समझौता करवाया था। 10 अगस्त को बहन सरिता एक प्रोग्राम में शामिल होने गंगापुर सिटी आई थी। प्रोग्राम में शामिल होने आने पर वह मुझसे भी मिली थी। सरिता ने कहा था कि तेरे जीजा विष्णु गुप्ता 50 लाख रुपए मांग रहे हैं। रुपए नहीं देने पर भारत मिल में स्थित दुकान को उनके नाम करवाने के लिए कहा है। रुपए या प्रॉपर्टी की मांग पूरी नहीं करने पर वार्निंग देकर कहा है कि अगले एक महीने में मैं तेरी हत्या कर दूंगा।

15 दिन बाद ही 25 अगस्त को जीजा विष्णु ने बहन सरिता के सिर पर हथोड़े से वार कर हत्या कर दी। गौरतलब है कि 25 अगस्त की सुबह सरिता और विष्णु गुप्ता का बेटा शशांक एयरपोर्ट के लिए निकला था। उसकी 5 बजे चेन्नई की फ्लाइट थी। दोनों पति-पत्नी भी इसलिए जल्दी उठ गए थे। शशांक के जाने के बाद दोनों के बीच में विवाद हुआ था। इस पर विष्णु गुप्ता ने हथोड़े से सरिता के सिर पर वार कर दिया था। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी।

### पीडब्ल्यूसी बैठक में : 184 करोड़ राशि के कार्य किये स्वीकृत

## सड़क निर्माण के साथ-साथ ड्रेनेज की प्लानिंग की जायेगी : जेडीसी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं माननीय स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर शहर के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न विकास कार्य करवाये जा रहे है।जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जेडीए के मंथन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 184 करोड रूपये स्वीकृत किये गये, जिससे जयपुर शहर के विकास को गति मिलेगी। जेडीसी ने अभियंताओं को सडक निर्माण के साथ-साथ ड्रेनेज की प्लानिंग किये जाने के निर्देष दिये। जिससे सडके वर्षा के दौरान क्षतिग्रस्त नहीं हो सकेगी।




बैठक में जोन-8 में बीटी सडकों के निर्माण एवं मिसिंग लिंक सडकों के निर्माण हेतु 11.98 करोड रूपये की संषोधित प्रषासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। जोन-पीआरएन साउथ में मानसरोवर मेट्रो स्टेषन, न्यू सांगानेर रोड से रीको आरओबी तक सडक निर्माण एवं चौडाईकरण हेतु 8.84 करोड रूपये की प्रषासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। पीआरएन साउथ में न्यू सांगानेर रोड से वंदेमातरम रोड तक 100 फीट सेक्टर रोड हीरापथ पर ओवरहेड इलैक्ट्रिकल लाइनों एवं स्ट्रीट लाइट्स को षिफ्ट करने/डिसमेंटल करने हेतु 4.03 करोड की प्रषासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। महारानी फार्म में द्रव्यवती नदी पर बॉक्स कलवर्ट निर्माण हेतु 6.10 रूपये की प्रषासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। जोन-13 क्षेत्र में विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 04 और 05 में ड्रेनेज नेटवर्क के विकास के लिए 50 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

जयसिंहपुरा बास/जीरोता सांगानेर में नगर वन विकास के लिए 5.20 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। जोन-9 क्षेत्र में टोंक रोड से बुधसिंहपुरा (मिसिंग लिंक) तक 200 फीट रोड एयरपोर्ट रोड के निर्माण कार्य के लिए 9.90 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। सीकर रोड (रोड नंबर 14 एनएच बाईपास से चोमू पुलिया) तक सडक सुधार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 28.77 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। नगर निगम क्षेत्राधिकार के बाहर के क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट/हाईमास्ट की वार्षिक मरम्मत और रखरखाव, निगरानी हेतु 3.20 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। जोन-10 में सुमेल में जेडीए स्कीम सडक नवीनीकरण एवं मरम्तीकरण में 2.97 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। सिरसी रोड पर सी-जोन बाईपास से मुंडिया रामसर तलाई तक बॉक्स ड्रेन हेतु 48.31 करोड रूपये की संषोधित वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। जोन-10 में गोविंदपुरा रोपाडा हैरिटेज सिटी में निर्माण कार्य हेतु 4.79 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

## टेंट डीलर्स का सावन उत्सव एवं आमसभा का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर टेंट डीलर्स समिति का सावन उत्सव कार्यक्रम एवं आमसभा हीरा वैली रिसॉर्ट,स्वेज फार्म, सोडाला में आयोजन किया गया। जिसमे जयपुर के सभी 30 जोनो के अध्यक्ष सहित व्यापारी गण सम्मिलित हुए।आमसभा में वार्षिक शुल्क, आजीवन शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव पारित किए गए। समिति के अध्यक्ष गणपत लाल राजोरिया ने बताया कि जयपुर टेंट क्रिकेट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में विनर खिलाडियों को सम्मानित किया प्रतियोगिता में मुकेश रॉयल्स विजेता टीम को के कप्तान देवेश सैनी एवं उपविजेता टीम विस्टा कैटर्स वॉरियर के कप्तान राकेश माली सहित सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज देवेश सैनी और मैन ऑफ द विकेट का खिताब ओम माली को दिया गया साथ ही प्रतियोगिता के संयोजक भवानी शंकर माली को समिति की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस मौके पर समिति के उपाध्यक्ष श्योकरण सैनी,महासचिव अनिल शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश मीणा, संयुक्त सचिव नारायण सेवानी, पूर्व अध्यक्ष रामरतन शर्मा, संरक्षक कैलाश खंडेलवाल, सूरज शेखावत सहित अन्य पदाधिकारी समारोह में उपस्थित रहे।

### लोकेंद्र सिंह कालवी की जन्म जयंती पर समाज रत्न सम्मान समारोह का आयोजन

## 30 समाज के प्रतिनिधियों का 'समाज रत्न' पुरस्कार से सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजपूत करणी सेना के जनक लोकेंद्र सिंह कालवी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में समाज रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में देश भर के 30 जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारी, खेल जगत की हस्तियों, मीडिया, उद्योग, कृषि, फ़िल्म जगत और सामाजिक कार्यों में योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। श्री राजपूत करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक प्रताप सिंह कालवी ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर अतिथि राजस्थान की डिप्टी सीएम दिया कुमारी, राजस्थान से बीजेपी सांसद - राव राजेंद्र सिंह, बिहार के पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह, राजस्थान के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़,राजस्थान पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा, हवामहल से सांसद, बालमुकुंद आचार्य ने शिरकत की।

## पोस्ट ऑफिस का 15 दिन से कामकाज ठप


बढ़ता राजस्थान


**शिवाड़ (नि.स.)।** कस्बे के समीपवर्ती ग्राम ईसरदा में स्थित पोस्ट ऑफिस कार्यालय में कम्प्यूटर आदि उपकरण खराब होने से पिछले 15 दिन से कामकाज नही हो रहा है इससे लोगो को काफी परेशानी हो रही है । ग्रामीण और समाजसेवी राजेश कुशवाहा ने बताया कि पोस्ट ऑफिस में कम्प्यूटर प्रिंटर आदि समान करीब 15 दिन से खराब हो पड़े है।

## सैनी कप्तान एवम कोच चंद्र शेखर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** तृतीय मास्टर्स वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2024 -25 गाजीपुर उत्तर प्रदेश आयोजन किया जा रहा है। जो 28 अगस्त से 29 अगस्त 2024 को होन जा रही है। संघ के अध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि बीस सदस्य हैं संघ के सचिव सत्यनारायण सैनी द्वारा टीम के सदस्य रामदयाल चौधरी ,भगवान सिंह ,टेकचंद गहलोत,अरुण शर्मा ,सौरभ मेहता,जितेंद्र रायका,अमित शर्मा ,चंद्रप्रकाश सैनी, चंद्रशेखर,गिरधारी लाल सैनी ,सत्यनारायण माली,चंद्र कुमार अवस्थी,त्रिलोकी नाथ शर्मा ,महेश चंद्र महात्मा और महिला वर्ग में पूनम शर्मा है।





## श्वानों ने निकाला नवजात का शव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भांकरोटा थाना इलाके में नवजात बच्चे के शव को श्वानों ने खोदकर बाहर निकाल लिया। जो सड़क किनारे कपड़े में लिपटा पड़ा मिला। सूचना मिलने पर भांकरोटा थाना पुलिस ने शव को एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि जन्म के बाद नवजात बच्चे की मौत हो गई थी। परिजनों के उसे गड्ढा खोदकर दफना दिया था है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात परिजनों की तलाश शुरू कर दी है। हेड कांस्टेबल भंवर कुंदन सिंह ने बताया कि सिकंदरा दौसा निवासी रामकिशन मीणा (27) ने मामला दर्ज करवाया कि वह रिंग रोड सर्विस लाइन के पास वीआरवी प्रॉपर्टी ऑफिस में सुपरवाइजर है। ड्यूटी के दौरान रिंग रोड सर्विस लाइन के पास श्वानों ने गड्ढा खोदकर उसमें दफनाए शव को बाहर निकाल लिया। पास जाकर कुत्तों को भगाकर देखने पर सफेद कपड़े में नवजात बच्चे का शव लिपटा मिला। नवजात बच्चे का शव मिलने पर स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई। पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची।

## शहर में निकली बाबा जाहरवीर की शोभायात्रा, लोगो ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (नि.स.)।** शहर में मंगलवार को गोगा नवमी के अवसर पर जाहरवीर गोगाजी महाराज की धर्मप्रेमियों और गोगाजी भक्त मंडल द्वारा शोभायात्रा एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा शहर के गुमट हनुमान मंदिर से शुरू हुई। जो प्रमुख मार्गों पर होते हुए धौलपुर रोड बाईपास पहुंची। जहां गोगाजी मार्बल एंड टाइल्स शोरूम पर गोगाजी की ज्योति स्थापित की गई। शोभायात्रा के बाद सभी बालिकाओं महिलाओं और धर्म प्रेमियों को प्रसादी का वितरण किया गया। आज रात को गोगाजी का धर्म अखाड़ा भंडारा एवं जागरण का आयोजन किया जाएगा। गोगाजी भक्त मंडल के रामलखन सिकरवार,उदयसिंह परमार,मोहन भगत ने बताया कि हर वर्ष भाद्र मास कृष्ण पक्ष नवमी पर गोगाजी का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें जाहरवीर गोगाजी महाराज की शोभायात्रा का आयोजन होता है। यह शोभायात्रा आज मंगलवार को दिन में शहर के गुमट हनुमान मंदिर से मुख्य मार्गो से होकर निकाली गई जो बाईपास होकर धौलपुर रोड पहुंची। जहां शोभायात्रा में लाई गई ज्योति को स्थापित किया है। शाम को बाबा का भंडारा लगेगा। जिसमें सभी को भोजन कराया जाएगा साथ में बाबा के भक्तों और जागरण पार्टी द्वारा भजन कीर्तन होगा एवं बाबा का धर्म अखाड़ा लगेगा। सुबह यात्रा के दौरान गोगाजी भक्त मंडल के मुरारी सरपंच,जितेंद्र लहकपुर,सुभाष परमार,शैलू परमार,लकी प्रताप सिकरवार, गिर्राज चौहान,गोविंद शर्मा सहित तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता और धर्मप्रेमी मौजूद रहे।

# आउटडोर खेलों के साथ खेल भावना का विकास जरूरी : झाझड़िया

## खेल सप्ताह के दूसरे दिन जिले के राजगढ़ में आयोजित हुई कबड्डी व कुश्ती प्रतियोगिताएं

### सीआई पुष्पेन्द्र झाझड़िया सहित अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस 29 अगस्त को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 26 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित किए जा रहे खेल सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशन में जिले के राजगढ़ स्थित कबड्डी एकेडमी में महिला व पुरुष वर्ग कबड्डी मैच तथा बालाजी कुश्ती एकेडमी में कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कबड्डी मैच के दौरान बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सीआई पुष्पेन्द्र झाझड़िया ने कहा कि आउटडोर खेलों के साथ खेल भावना का विकास जरूरी है। वर्तमान के मोबाइल व कम्प्यूटर युग में पंरपरागत खेलों के साथ आउटडोर खेलों में युवाओं की रूचि कमजोर हुई है। आउटडोर खेलों में खिलाड़ियों की अधिकाधिक भागीदारी होने से युवाओं में शारीरिक विकास के साथ सामाजिक दायित्व, आपसी मेलजोल व सहयोग की भावना विकसित होगी। मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए खेल जरूरी हैं। इस दौरान शिक्षाविद हवासिंह पूनिया, सलवंता देवी, श्याम सुन्दर पूनिया, बलवान लाखलान, शुभराम पूनिया, रामचंद्र सिंह राठौड़, जयबीर पूनिया, वैद पवन शर्मा, अंतर सिंह पूनिया, दीपचंद राहड़, हनुमान श्योराण, अशोक खरसू, ओम श्योराण सहित अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य खेल प्रशिक्षक सरस्वती मुंडे ने आभार जताया तथा कोच संजीव पूनिया, कोच विजय, कोच संदीप गागड़वास ने सक्रिय भूमिका निभाई।



**विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान :** कबड्डी कोच सरस्वती मुंडे ने बताया कि राजगढ़ कबड्डी अकादमी में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में कबड्डी अकादमी राजगढ़ 'ए' की टीम प्रथम, कबड्डी अकादमी राजगढ़ 'बी' की टीम द्वितीय व हरपालू की टीम तृतीय तथा बालिका वर्ग कबड्डी अकादमी राजगढ़ 'बी' की टीम प्रथम, कबड्डी अकादमी राजगढ़ 'ए' की टीम द्वितीय व ददरेवा की टीम तृतीय रही। पुरुष वर्ग में पंकज बेस्ट रैडर व अनिल कुमार बेस्ट कैचर तथा महिला वर्ग में निर्मला बेस्ट रैडर व कमला बेस्ट कैचर रही।

**कुश्ती में नितेश प्रथम, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम :** खेल सप्ताह के दूसरे दिन ही राजगढ़ मुख्यालय स्थित बालाजी कुश्ती एकेडमी में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। मुख्य प्रशिक्षक संजीव कुमार ने बताया कि कुश्ती प्रशिक्षक जागेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में नितेश कुमार प्रथम, हितेश पूनिया द्वितीय व अभिषेक तृतीय स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि सजेन्द्र पूनिया सहित पवन कुमार, अमित कुमार, सुनिल कुमार, आदित्य सहारण आदि अतिथियों ने विजेताओं का सम्मान किया। प्रतियोगिता में कानाराम सहारण, ललित कुमार, मोहम्मद नियर राजा, विनित नारायण पूनिया, भूपेश कुमार, गणेश, नीरज, सौरव सिंह, पियूष सिंह, दीपेश, आदित्य, पवन, साहिल, विजेन्द्र, कुलदीप जाखड़, संदीप जाखड़, रविन्द्र सहित खिलाड़ियों ने भाग लिया।



# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी और खो-खो में ब्यावर का उत्कर्ष प्रदर्शन रहा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** विद्या भारती संस्थान अजमेर के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता कबड्डी और खो-खो का मैच अजमेर में सम्पन्न हुआ। जिसमें छात्र/छात्रा वर्ग में कबड्डी और खो- खो प्रतियोगिता में ब्यावर विद्यालय की 14 वर्षीय, 17 वर्षीय और 19 वर्षीय टीमों ने प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय ने कबड्डी प्रतियोगिता में 14 वर्षीय छात्र कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में जेठाना को हराकर 36 अंक अर्जित कर जीत दर्ज कराई हैं। वहीं 17 वर्षीय छात्र कबड्डी प्रतियोगिता में मसूदा को हराकर 17 अंक से जीत हासिल कराई है और 19 वर्षीय छात्र कबड्डी प्रतियोगिता में अजमेर को 40 अंक से हराकर विजश्री प्राप्त की हैं। छात्रा वर्ग में 14 वर्षीय कबड्डी प्रतियोगिता, 17 वर्षीय कबड्डी तथा 14 वर्षीय खो-खो प्रतियोगिता में बालिका विद्यालय ब्यावर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं।

विद्यालय प्रबंध समिति और उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य नवीन कुमार सैनी, बालिका विद्यालय की प्राधानाचार्य कविता शर्मा, प्राथमिक प्रभारी ममता शर्मा ने विजयी छात्र/छात्राओं के श्रेष्ठ प्रदर्शन को लेकर उन्हें बधाई व शुभमामनाएं प्रेक्षित की। इस अवसर पर प्राधानाचार्य नवीन कुमार सैनी ने कहा कहा ''विद्यालय में सायरकालीन खेल कालांश की व्यवस्था श्रेष्ठ कोच के माध्यम से की जाती हैं।'' इसके अतिरिक्त शारीरिक शिक्षक शैतान सिंह, शारीरिक प्रभारी लोकेंद्र फुलवारी, दिव्या शर्मा के कुशल नेतृत्व में विजेता खिलाड़ी टीमों ने आगामी चित्तौड़ प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता कबड्डी, खो-खो झालावाड़ में भाग लेंगे।

# वन्यजीव प्रेमी शादाब रिजवी ने मानिटर लिजर्ड का रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविन्द सिंह सेठी )।** मंगलवार को शहर के कोटा रोड स्थित राजश्री शेखावाटी बैटरीज की दुकान के बाहर एक गोयेरा ( मानिटर लिजर्ड ) के दिखाई देते ही कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई । इसी दौरान दुकान मालिक कृष्ण गोपाल शर्मा ने उक्त हालातो की जानकारी स्नैक कैचर एवं वन्य जीव प्रेमी शादाब अख्तर रिजवी को दी। ऐसे में सूचना मिलते ही स्नैक कैचर शादाब रिजवी ने मौके पर पहुंच कर वहां पर रखी पट्टी के नीचे छुपे गोयेरे (मॉनिटर लिजर्ड) को तुरंत पकड़ कर प्लास्टिक के कैन में बंद कर लिया। इस दौरान शादाब रिजवी ने बताया कि यह जहरीला जानवर नहीं होता है। जबकि लोगों इसे खतरनाक जहरीला जीव मानते हैं। शादाब यह भी बताया कि लोगों में इसके जहरीले होने की होने भ्रांतियां फैली हुई है। और इसके काटने से लोगों की डर के कारण मौत हो जाती है। यह छिपकली प्रजाति की ही एक बड़ी छिपकली का प्राणी है। इसमें जहर बिल्कुल भी नहीं होता है। लेकिन वहां मौजूद लोगों को इन बातों पर बिल्कुल विश्वास नहीं हुआ ऐसे में स्नेक कैचर शादाब अख्तर रिजवी ने गौयेर से अपने आप को कटवा कर दिखाया फिर भी मौजूद लोग भयभीत बन रहे । इस दौरान वन्य जीव प्रेमी शादाब अख्तर रिजवी उक्त गौयेर को अपने साथ ले गए और कहा कि वह बूंदी जा रहा है रास्ते में इसको सुरक्षित जंगल में छोड़ देंगे। शादाब ने लोगों से आह्वान किया कि यह जीव किसानों का हितेषी है। यह फसलों को नुकसान देने वाले छोटे-मोटे कीड़े मकोड़े को खाकर अपना पेट भर लेता है लेकिन किसानों में फैली भ्रांति के चलते लोग इस जीव को मार देते हैं जबकि यह किसानों की फसलों की कीड़े मकोड़ों से सुरक्षा करता है। इस दौरान पालिका के जमादार ललित फकीरा, कन्हैयालाल कोली व विजय वर्मा ने मानिटर लिजर्ड को पकड़वाने में सहयोग किया।



# भाजपा का सदस्यता अभियान 2 सितम्बर से होगा शुरू

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान की महाराणा प्रताप मण्डल व आशापुरा माता मंडल की संयुक्त कार्यशाला केसरी नंदन गार्डन मे मण्डल अध्यक्ष नरेश मितल व जितेंद्र कांवडिया की अध्यक्षता मे व जिला महामंत्री पवन जैन के मुख्य आतिथ्य मे आयोजित हुई।



बैठक मे भाजपा जिला महामंत्री पवन जैन ने बताया कि सदस्यता अभियान कई चरणों में 2 सितंबर से 10 नवंबर तक चलाया जायेगा। वर्ष 2014 में 11 करोड़ लोग सदस्यता अभियान के तहत सदस्य बने थे। वहीं वर्ष 2019 में कोरोना को देखते हुए कम समय के लिए यह अभियान चलाया गया। लेकिन फिर भी सात करोड़ लोग सदस्य बने। मिस्ड कॉल, पार्टी के वेबसाइट पर पंजीकरण या अन्य सोशल मीडिया साइट के जरिये सदस्य बना जा सकता है। सदस्यता अभियान का पहला चरण 25 सितंबर को खत्म होगा। पहले चरण की सदस्यता का विश्लेषण करने के बाद 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान का दूसरा चरण और फिर 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। बैठक को सदस्यता अभियान के मण्डल संयोजक नवल किशोर मुरारका मण्डल अध्यक्ष नरेश मितल जितेंद्र कांवडिया ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री संतोष जागृत ने किया। बैठक मे मण्डल महामंत्री सत्येंद्र यादव, हिमांशु शर्मा, उपाध्यक्ष बुधराज शर्मा, देवकीनंदन शर्मा, मुलसिह राजपुरोहित, श्रीकिशन जागिंड, मनिष बसल, राजेश्वरी यादव, तारा सोनी, सतीश गर्ग, रमेश अग्रवाल, बछराज छीपा, सज्जन सिंह चौहान, संजय भाटी, मोहित अग्रवाल, शिवचंद्र लढा आदी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर तथा प्रशासन ने सर्विस रोड का लिया जायजा

## सर्विस रोड पर हुए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी ) ।** नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय आर्य ने प्रशासन के साथ मिलकर नेशनल हाईवे की क्षतिग्रस्त सर्विस रोड का जायजा लेने पहुंचे वहां उन्होंने नेशनल हाईवे के स्टाफ को क्षतिग्रस्त रोड़ों को शीघ्र दुरुस्त करने तथा सर्विस रोड़ पर पुलिस तथा प्रशासन के साथ मिलकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ करवाई करने के निर्देश दिए।आर्य ने बताया किएनएचएआई पूरी टीम ने पूतली कट के आसपास की क्षतिग्रस्त रोड का जायजा किया यहां उन्होंने एनएचएआई टीम को शीघ्रातिशीघ्र सर्विस रोड को दुरुस्त करने का कार्य करने के लिए कहा साथ ही उन्होंने बताया कि सर्विस रोड पर अनेक व्यक्तियों ने अतिक्रमण कर रखा है जिसके कारण हाईवे पर जाम की स्थिति देखने को मिलती है इसके लिए पुलिस तथा प्रशासन से सहयोग लेकर अविलंब अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जाएगी जिससे पूतली कट के पास लगने वाले जाम से आमजन को राहत मिल सकेगी तथा यातायात सुगम हो सकेगा और निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य का अवलोकन कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी प्रदान किया उन्होंने कहा कि ब्रिज के निर्माण के साथ-साथ भारी बारिश तथा जल जमाव के कारण सर्विस रोड क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसे शीघ्र ही इसका दुरुस्तीकरण करवा कर ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति से निजात मिल सकेगी।इस दौरान उपखंड अधिकारी बृजेश चौधरी,नगर परिषद के मुकेश सैनी,एनएचएआई के तकनीकी तथा फील्ड स्टाफ व अन्य प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# संतान माता-पिता के ऋण से उऋण नहीं हो सकती : संयम ज्योति

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** सुरजपोल बाहर स्थित दादाबाड़ी में श्री जैन श्वेताम्बर वासुपूज्य महाराज मन्दिर का ट्रस्ट द्वारा आयोजित किये जा रहे चातर्मास में समता मूर्ति साध्वी जयप्रभा की सुशिष्या साध्वी डॉ. संयम ज्योति ने कहा कि संतान माता-पिता के ऋण से उऋण नहीं हो सकती। अगर एक पुत्र करें कि मैं अपने माता-पिता को अपनी चमड़ी के जुते बनाकर पहना दूं और ऋण से उऋण हो जाऊँ तो ज्ञानी कहते हैं कि उऋण होना संभव नही, केवल जुते बनवाने का अहंकार ही कर सकता है। चमड़ी कहाँ से लाया। साध्वी ने कहा कि जो पुत्र अपने माता-पिता की तन, मन और धन से सेवा करता है कभी भी अपने कथन, बोल और व्यवहार से उनका दिल नहीं दुखाता, उनके माता-पिता उसका ऋण माफ कर देते है। साध्वी ने कहा कि जो पुत्र सन्यास लेता है साधु बनता है परमात्मा की आज्ञा का पालन करता है उसे भी माता-पिता ऋण माफ कर देता है, परंतु जो साधु बनकर स्वादु बन जाना है, नेम एण्ड फेम के चक्कर में फंस जाता है उसका ऋण कभी माफ नही होता है। वह दुगुने दंड का भागी बनना है। उसे माता-पिता की सेवा न करने का दंड भी मिलता है और साधु जीवन में परमात्मा की आज्ञा नही पालने का दंड भी मिलता है।

# देवली-उनियारा उपचुनाव के लिए कांग्रेस की बैठक, संगठन की मजबूती पर चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविन्द सिंह सेठी )।** पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा एवं टोंक सवाई माधोपुर लोकसभा सांसद हरीश चंद्र मीना ने देवली-उनियारा विधानसक्षा क्षेत्र में संगठन की मज़बूती को लेकर पार्टी पदाधिकारियों और स्थानीय नेताओं बैठक बुलाई। जानकारी के अनुसार यह बैठक देवली उनियारा में विधानसभा का उपचुनाव मैं जिताऊ प्रत्याशी के लिए प्विस्तार पूर्वक चर्चा की। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी



अध्यक्ष हरीप्रसाद बेरवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव रामविलास चौधरी धुवाकला मंडल अध्यक्ष इरफान आजमी घाड, जिला परिषद सदस्य जगदीश मीणा,उप प्रधान देवली महादेव मीणा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव माया सुवालका,पूर्व प्रधान उनियारा सोनम गोलेछा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उनियारा कमरुद्दीन चौधरी, उनियारा प्रधान प्रतिनिधि गुलाबचंद मीणा, आसाराम नागर, राधेश्याम मेरोठा, पंचायत समिति सदस्य फोरूलाल मीणा, शमी रंगरेज देवली, जगदीश बेरवा उप प्रधान उनियारा, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष तेजकरण मीना, युवा नेता रुपेश वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बाबूलाल धारोला, परशुराम मीणा, पूर्व शहर अध्यक्ष देवली मुकेश गर्ग जसराम मीणा पूर्व जिला अध्यक्ष एनएसयूआई, एवम सभी वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पीसीसी अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की यह बैठक जयपुर पीसीसी वाररूम में बुलाई जहां देवली उनियारा के कांग्रेसी कार्यकर्ता पदाधिकारी पहुंचे जिनके साथ पीसीसी अध्यक्ष ने उपचुनाव को लेकर चर्चा की और जिताऊ प्रत्याशी के लिए फीडबैक लिया।

# ऐश्वर्या कॉलेज में जॉय एण्ड ब्लिस लाइफ एनेर्जी पर कार्यशाला आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** ऐश्वर्या कॉलेज में आज जॉय एण्ड ब्लिस लाइफ एनेर्जी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा एवं कौशल का विकास एवं बेहतर भविष्य का निर्माण कर राष्ट्रहित में अपना सहयोग देना था।

कार्यशाला में कुशल प्रशिक्षक पूनम मेहता व्यास ने व्यक्तित्व विकास एवं खुशहाल जीवन यापन पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर पूनम मेहता व्यास के प्रेरणादायक शब्दों एवं अपने दिन प्रतिदिन की प्रक्रिया में आनद, उल्लास एवं अपने निजी कार्यों के साथ बेहतरीन सामंजस्य बनाते हुए कैसे जीवन यापन किया जाए एवं श्रेष्ठ व्यक्तित्व का निर्माण कैसे किया जाए इसके तहत विद्यार्थियों को प्रेरित किया एवम छात्रों को मंच के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया की जीवन का संबंध खुशहाली एवं संतुष्टि से हैं, छात्रों को देश के बेहतर भविष्य के निर्माण में अपनी भूमिकाओं को निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन छात्र राकेश नायर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ.निधि व्यास प्राचार्या ऐश्वर्या मैनेजमेंट एंड आईटी कॉलेज द्वारा दिया गया। कार्यशाला में निशांत, लकी गहलोत, विकास सुथार, कैविन एवं अन्य छात्रों ने कार्यशाला में भाग लिया।

प्राचार्या डॉ. राशि माथुर, डॉ. ऋतु पालीवाल एवं डॉ. गजाराम सिरवी कार्यशाला में उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस 2024 : मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर आयोजित खेल सप्ताह का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रिनखेड़ा में कार्यवाहक प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार जोशी द्वारा किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार के युवा मामला और खेल विभाग, भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा 26 अगस्त 2024 से 31 अगस्त 2024 तक प्रतिदिन अलग-अलग खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा आज विद्यालय में 2 किलोमीटर की लंबी दौड़, रस्सा कशी और रुमाल झपटते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 7 28 अगस्त को कबड्डी , खो खो प्रतियोगिता का आयोजन होगा, 29 अगस्त मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस पर 2 किलोमीटर की प्रभात फेरी निकाली जाएगी, 30 अगस्त को वॉक रेस, बैडमिंटन और शतरंज की प्रतियोगिता होगी, 31 अगस्त को रस्सीकुद, लेमन रेस, लंगडी रेस, पेल्विक चैलेंज की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा । प्रतियोगिता में राधेश्याम बंजारा, पप्पू लाल कंजर निर्णायक रहे।



# विप्र फाउंडेशन महिला संगठन की ओर से तीज महोत्सव मनाया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विप्र फाउंडेशन महिला संगठन की ओर से तीज महोत्सव मनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष शशि शर्मा ने बताया कि निर्मला शर्मा को तीज क्वीन चुना गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दक्षिण विधायक संदीप शर्मा रहे। अध्यक्षता भुवनेश्वर शर्मा(राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) ने करी। विशेष अतिथि गीता शर्मा, कोषल्य शर्मा, हरिसूदन शर्मा एवं जगदीश शर्मा रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनीता शर्मा, सुनीता शर्मा, श्रुति मालवीय, मोनिका शर्मा, अर्चना दुबे, मंजु तिवारी, रेणु शर्मा, गीतिका शर्मा, तरुणा शर्मा, विजयलक्ष्मी चतुर्वेदी, लक्ष्मी शर्मा, सुमन शर्मा, मानसी भारद्वाज, रीना शर्मा, पूर्णिमा शर्मा, मोनिका व्यास, पूनम मिश्रा, रुक्मणी शर्मा, मंजु शर्मा, उमा शर्मा, मोना अवस्थी, हिना शर्मा, प्रिया शर्मा, प्रतिमा गौतम निर्मला गौतम, रिंकु शर्मा, राधा शर्मा, पराग शर्मा, दीप्ति मिश्रा, रमा शर्मा, राधा शर्मा, चेतना शर्मा, संतोष निगम शर्मा, अकांशा झा विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# उधारी के पैसे नहीं देने पर युवक ने की आत्महत्या

## आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर परिजनों ने किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बगरू थाना इलाके में एक 30 वर्षीय युवक ने सहकर्मी द्वारा उधारी के पैसे नहीं चुकाने से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पास एक सुसाइड नोट मिला है। घटना सामने आने के बाद परिजनों ने अस्पताल के बाहर आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन किया। सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। एसीपी आमिर हसन ने ल्द दोषी लोगों को गिरफ्तार करने की बात कही, तब जाकर मामला शांत हुआ। थानाधिकारी हरीश चंद्र सोलंकी ने बताया कि बगरू में जयपुर-अजमेर नेशनल हाईवे 48 पर स्थित एक होटल में युवक सुनील कुमावत ने मंगलवार को सुसाइड कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और शव को बगरू के सरकारी में अस्पताल में पहुंचाया। वहीं परिजन सुसाइड नोट में लिखे नामजद व्यक्ति की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मृतक दहमी बालाजी रीको एरिया के 30 वर्षीय निवासी सुनील कुमावत ने सुसाइड नोट में लिखा कि उसने अपने सहकर्मी को 1.40 लाख रुपए उधार दिए थे।

## सम्पादकीय

### नया परिदृश्य और नई आकांक्षाएं

जम्मू और कश्मीर विधानसभा चुनावों की लंबे समय से प्रतीक्षित तिथियों की घोषणा कर दी गई है। चुनाव तीन चरणों में आयोजित किए जाएंगे। पहले चरण का मतदान, जिसमें 24 सीटें शामिल हैं, 18 सितंबर को होगा। दूसरे चरण में 26 सीटों पर 25 सितंबर को मतदान होगा, और तीसरे चरण में 40 सीटों पर 1 अक्टूबर को मतदान होगा। चुनाव परिणाम 4 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। यह उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू और कश्मीर में 30 सितंबर, 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने के आदेश दिये थे। यह जम्मू और कश्मीर में अनुच्छेद 370 के उन्मूलन/निरस्तीकरण के बाद पहला विधानसभा चुनाव होगा. निरस्तीकरण 5 अगस्त, 2019 को हुआ था।

पहले, जम्मू और कश्मीर में कुल 111 विधानसभा सीटें थीं, जिनमें जम्मू में 37, कश्मीर में 46, और लद्दाख में 4 सीटें थीं। इसके अलावा, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के लिए 24 सीटें निर्धारित थीं। हाल ही में हुई परिसीमन प्रक्रिया के फलस्वरूप सीटों की संख्या परिवर्धित हुयी हैं। अब जम्मू में 43 सीटें होंगी, जबकि कश्मीर में 47 सीटें होंगी। पीओके के लिए यथावत 24 सीटें आरक्षित रहेंगी। कश्मीरी पंडितों के लिए दो सीटें आरक्षित की गई हैं और उन्हें कश्मीरी प्रवासी/विस्थापित कहा जायगा। इसके अलावा, लेफ्टिनेंट गवर्नर को विधानसभा में तीन सदस्यों को नामित करने का अधिकार होगा, जिनमें से दो कश्मीरी प्रवासी/विस्थापित और एक पीओके से विस्थापित व्यक्ति होगा। दो कश्मीरी प्रवासी नामितों में से एक महिला होनी चाहिए। कश्मीरी विस्थापित को ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है जो 1 नवंबर, 1989 के बाद घाटी या जम्मू और कश्मीर के किसी भी हिस्से से प्रवास कर गया हो और राहत आयुक्त के यहाँ पंजीकृत हो। जो लोग 1947-48, 1965, या 1971 की घटनाओं के बाद पीओके से प्रवास कर गए, उन्हें विस्थापित व्यक्ति माना जाएगा। प्रवासियों के लिए विशेष रूप से दो सीटों को आरक्षित या नामित करने की पहल के साथ, कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए नई आशा जगी है। इस निर्णय से उन्हें अपनी चिंताओं को व्यक्त करने और अपनी लंबे समय से चली आ रही शिकायतों के निवारण की मांग करने के लिए एक मंच मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए 16 सीटें आरक्षित की गई हैं। इनमें से 7 सीटें एससी उम्मीदवारों के लिए आवंटित की गई हैं, जबकि 9 सीटें एसटी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि जम्मू और कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये अनुच्छेद 370 के अवसान के बाद पहला चुनाव है और यह चुनाव केंद्र-शासित प्रदेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बहाल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। परिसीमन प्रक्रिया से भी, जिसने जम्मू में विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ा दी है, क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य पर काफी प्रभाव डालने की संभावना है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, देश और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें जम्मू और कश्मीर के इन चुनाओं पर केन्द्रित हो रही हैं राज्य गहन राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बन गया है, जहां नेता और पार्टी कार्यकर्ता समर्थन जुटाने के लिए जोरदार प्रचार कर रहे हैं।

# जम्मू-कश्मीर चुनाव से नये दौर की उम्मीद

**जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामाकंन भरने की आज आखिरी तारीख है, लेकिन तमाम बड़ी पार्टियों के बीच असमंजस और अनिश्चितता जैसे खत्म होने का नाम नहीं ले रही। हालांकि कुछ हद तक इस तरह की अनिश्चितता हर चुनाव में होती है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मामले में हालात सामान्य से ज्यादा जटिल हैं और इस असमंजस के पीछे उसकी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। विपक्षी खेमे में माने जाने वाले राज्य के तीनों प्रमुख दलों में सहयोग और संघर्ष दोनों का दिलचस्प घालमेल दिख रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के बीच सभी 90 सीटों पर गठबंधन की घोषणा कर दी गई है, लेकिन आलम यह है कि पहले चरण की 24 सीटों का भी बंटवारा मुश्किल साबित हो रहा। पीडीपी इस गठबंधन से बाहर है। फिर भी मुद्दों की एकरूपता के चलते न सिर्फ उमर अब्दुल्ला उससे अपनी पार्टी के खिलाफ प्रत्याशी न खड़ा करने को कह रहे हैं बल्कि खुद महबूबा भी कह चुकी हैं कि अगर उनके अजेंडे को स्वीकार किया गया तो गठबंधन का समर्थन करेंगी।**

ललित गर्ग।



जम्मू एवं कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव कराने की चुनाव आयोग की घोषणा निश्चित ही लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती देने के साथ क्षेत्र के लिए विकास के नए दौर के द्वार खोलने का माध्यम बनेगी। जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों पर विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें 43 जम्मू और 47 कश्मीर की सीटें हैं, इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर ऐसी सरकार बनाये जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान चुनावी सरगर्मियों एवं भविष्य के गर्भ में ईवीएम से निकलने वाले जनादेश पर लगी हैं। ये चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। इस बार के चुनाव अब तक हुए चुनावों से अलग है और खास है। भाजपा किसी बड़े दल के साथ गठबंधन में नहीं है, इसलिए वहां इस तरह की गफलत नहीं है, लेकिन निर्णय लेना और उसे लागू करना वहां भी जटिल बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर में दस वर्ष बाद होने जा रहे विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा को अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर उसे जिस तरह वापस लेना पड़ा, उससे उसकी छिछालेदार तो हुई ही है, अनुशासित दल की उसकी छवि को धक्का भी लगा। स्थिति यह है कि पार्टी ने सोमवार को 44 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के थोड़ी ही देर बाद व्यापक विरोध के कारण उसे वापस ले लिया। इसके बाद जो सूची जारी की गई, उसमें 15 ही प्रत्याशियों के नाम थे। यह आलम तब है, जब पहली सूची भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मंजूर की गई थी। यदि भाजपा औरों से अलग तथा अनुशासित दल की अपनी छवि के प्रति सचेत है तो उसे प्रत्याशी चयन की अपनी प्रक्रिया को लोकतांत्रिक आकार देना ही होगा। पहले जारी सूची का विरोध जिन कारणों से हुआ, उनमें एक तो दूसरे दलों से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाना रहा और दूसरे दोनों पूर्व उप मुख्यमंत्रियों का नाम न होना। लगता है भाजपा को अभी भी लोकसभा चुनावों में हुई गलतियों का आभास नहीं है। लोकसभा चुनाव में उसे दूसरे दलों के नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने का किस तरह नुकसान उठाना पड़ा था। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए जारी प्रत्याशियों की सूची का विरोध यह भी बताता है कि भाजपा प्रत्याशी चयन की कोई नीर-क्षीर, पारदर्शी और ऐसी प्रक्रिया का निर्माण नहीं कर सकी है, जिससे असंतोष, विरोध और भितरघात का सामना न करना पड़े। वैसे यह समस्या केवल भाजपा की ही नहीं, सभी दलों की है। कम से कम यह तो होना ही चाहिए कि राजनीतिक दल प्रत्याशियों के चयन में अपने जमीनी कार्यकर्ताओं की राय को महत्व दें। यह कठिन कार्य नहीं, लेकिन हमारे राजनीतिक दल आंतरिक लोकतंत्र विकसित करने से बच रहे हैं। चुनाव अभियान प्रारम्भ हो रहा है। प्रत्याशियों के नामांकन हो रहे हैं। सब राजनैतिक दल अपने-अपने 'घोषणा-पत्र' को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बताकर सब समस्याएं मिटा देने तथा सब रोगों की दवा बन जाने की नैतिकता की बातें करते हुए व्यवहार में अनैतिकता को छिपायेंगे। टुकड़े-टुकड़े बिखरे कुछ दल फेवीकॉल लगाकर एक होंगे। सत्ता तक पहुँचने के लिए कुछ दल परिवर्तन को आकर्षण व आवश्यकता बतायेंगे। इस बार दलों में जितना अन्दर-बाहर होता हुआ दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि चुनाव परिणामों के बाद भी एक बड़ा दौर असमंजस का चलेगा। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे। इसलिये प्रांत के लोगों को मतदान करते हुए विवेक का परिचय देना होगा। इन चुनावों की जटिलता का अंदाजा इस बात से भी लगता है कि एक दशक पहले यानी 2014 में हुए विधानसभा चुनाव के समय अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जे से लैस जम्मू-कश्मीर अब विशेष राज्य के दर्जे से भी वंचित है। उस चुनाव में दो सबसे बड़ी और मिलकर सरकार बनाने वाली पार्टियां पीडीपी और भाजपा एक-दूसरे की धुर विरोधी हो चुकी हैं। राज्य में अब भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हिन्दू बहुल सीटों और कश्मीरी पंडितों के वोट बैंक को अपने खाते में डालने के इरादे से मैदान में उतर रही है और ऐसे में कांग्रेस की हालत खराब होना तय माना जा रहा है। भले ही सभी क्षेत्रीय पार्टियों ने भाजपा के साथ गठबंधन करने से इंकार कर दिया है, लेकिन भाजपा की मजबूत स्थिति को देखते हुए भविष्य में क्षेत्रीय दलों के भाजपा के साथ बहती हवा में जाने की संभावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर एक राज्य के रूप में शुरू से विशिष्ट रहा है, इस दृष्टि से वहां होने वाले चुनाव भी विशेष एवं अन्य राज्यों से भिन्न है। बड़ी बात यह है कि पार्टियां एक-दूसरे के बारे में चाहे जो भी कहें, ये सभी भारतीय संविधान के तहत लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव में हिस्सेदारी कर रही हैं और जनादेश को भी स्वीकार करेंगी। निश्चित ही इन चुनाव परिणामों से उम्मीद जगी है कि यहां से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक विकास और शांति-समृद्धि-स्थिरता का नया दौर शुरू होगा। ऐसा होना ही इन चुनावों की सार्थकता है। जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेंगे बल्कि बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। वैसे तो हर चुनाव में वर्ग, जाति, सम्प्रदाय का आधार रहता है, पर इस बार वर्ग, जाति, धर्म, सम्प्रदाय व क्षेत्रीयता व्यापक रूप से उभर कर सामने आयेगी। मतदाता जहां ज्यादा जागरूक दिखाई दे रहा है, वहीं राजनीतिज्ञ भी ज्यादा समझदार एवं चतुर बने हुए दिख रहे हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले-सफेद मोहरें रखे हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ है। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जाएगा राज्य की एक करोड लाख पच्चीस लाख जनता को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में विकास एवं शांति की दिशा में। सभी नंगे खड़े हैं, मतदाता किसको कपड़े पहनाएगा, यह एक दिन के राजा पर निर्भर करता है। चुनाव घोषित हो जाने से तथा प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से जो क्रियाएं-प्रतिक्रियाएं हो रही हैं उसने ही सबके दिमागों में सोच की एक तेजी ला दी है। प्रत्याशियों के चयन व मतदाताओं को रिझाने के कार्य में तेजी आती जायेगी। परम आवश्यक है कि सर्वप्रथम राज्य का वातावरण चुनावों के अनुकूल बने। राज्य ने साम्प्रदायिकता, आतंकवाद तथा अस्थिरता के जंगल में एक लम्बा सफर तय किया है। उसकी मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, वह भी हिली है। पुराने चेहरों पर उसका विश्वास नहीं रहा। अब प्रत्याशियों का चयन कुछ उसूलों के आधार पर होना चाहिए न कि जाति और जीतने की निश्चितता के आधार पर। मतदाता की मानसिकता में जो बदलाव अनुभव किया जा रहा है उसमें सूझबूझ की परिपक्वता दिखाई दे रही है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आप मानसिक रूप से बेचैन रहेंगे। वाणी पर संयम रखें अन्यथा मतभेद हो सकता है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज अत्यधिक खर्च हो सकता है। मानहानि हो सकती है, अतः सावधान रहें। आज व्यापार में लाभ और आय में वृद्धि होगी।

**वृष**

जीवनसाथी के साथ भी अच्छा वक्त बीतेगा। व्यावसायिक कार्य से बाहर जाना हो सकता है। आज आप नए काम के शुरुआत की कोशिश करेंगे। बौद्धिक कामों और साहित्य लेखन में सक्रिय रहेंगे। पारिवारिक वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**मिथुन**

शारीरिक और मानसिक रूप से आप ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। स्वादिष्ट भोजन और अच्छे कपड़े पहनने को मिलेंगे। मित्रों तथा परिजनों के साथ आज का दिन आनंदपूर्वक गुजारेंगे। उनकी तरफ से आपको भेंट-उपहार मिल सकता है।

**कर्क**

साहित्य लेखन के लिए अच्छा दिन होने के कारण आप लेखन में प्रतिभा दिखा सकते हैं। आज आपको पूरी तरह से स्थिर होकर काम करने की जरूरत है। ऐसा नहीं होने पर अच्छे अवसर भी हाथ से जा सकते हैं। सार्वजनिक जीवन में मान-सम्मान मिलेगा।

**सिंह**

उत्तम भोजन प्राप्त होगा। मित्रों के साथ रमणीय स्थान पर जा सकते हैं। महिला मित्र आज विशेष सहायक होंगी। बच्चों के साथ कहीं बाहर जाने का अवसर मिलेगा। बुजुर्गों तथा बड़े भाई-बहनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या**

वैवाहिक जीवन बेहतर रहेगा। नई वस्तुओं की खरीदारी के लिए आज का दिन उत्तम है। आज नए काम की योजना बनेगी। व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन लाभ प्रदान करने वाला होगा। पत्नी का सहयोग मिलेगा। कोई शुभ प्रसंग हो सकता है।

**तुला**

मन में आने वाले नकारात्मक विचारों से दूर ही रहें। आज दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा। आज आप मन में खिन्नता और भय का अनुभव करेंगे। परिवार में मतभेद होने से पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण रहेगा। मन में किसी बात की दुविधा रहेगी

**वृश्चिक**

भाई-बंधुओं से प्रेम तथा सहयोग मिलेगा। कलाकारों, कारीगरों और लेखकों को अपनी प्रतिभा दर्शाने का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। विरोधी परास्त होंगे। आपका आज का दिन आर्थिक दृष्टि से लाभदायक है।

**धनु**

आज आपका मन काफी चंचल रहेगा, इस कारण आपको निर्णय लेने में काफी परेशानी होगी। विरोधियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन नए काम को करने की प्रेरणा मिलेगी। आप किसी बौद्धिक या तार्किक चर्चा में भाग लेंगे।

**मकर**

तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा। विदेश में रहने वाले मित्रों और सगे-संबंधियों के समाचार प्राप्त होंगे, जिससे काफी प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। आपके सहकर्मियों का सहयोग नहीं मिलेगा। संतान की चिंता सताएगी।

**कुंभ**

आपका आज का दिन सुख- शांति में व्यतीत होगा। मित्रों के साथ दिन अच्छा गुजरेगा। स्वादिष्ट भोजन तथा नए कपड़े प्राप्त होंगे। किसी खास व्यक्ति के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। आज आपके विचार स्थिर नहीं रहेंगे।

**मीन**

कफ, सांस या पेट की परेशानी हो सकती है। आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा। किसी भी अनैतिक और सरकार विरोधी कामों से दूर रहें अन्यथा आप मुसीबत में आ सकते हैं। भागीदारी में लाभ होगा।

## शख्सियत

एक हंसता मुस्कराता हुआ चेहरा, आखों में गजब का आत्मविश्वास, कुछ अच्छा करने का जज्बा और सबका आदर करने का भाव कुछ ऐसी ही हमारी आज की शख्सियत है। जी हां मित्रों चौधरी इम्तियाज हुसैन वर्तमान में प्रदेश कॉंग्रेस पार्टी में सचिव हैं। कॉंग्रेसी खेमे के अतिरिक्त अन्य राजनीतिक दलों में भी इनकी चर्चा होती है। वो पेशे से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं 2008 में क्रश्व करने के बाद भिवाड़ी एक एमएनसी कंपनी में नौकरी करने लगे इसी दोरान कंपनी के द्वारा विभिन्न राज्यों वो देशों में कंपनी के कार्यों से जाना हुआ क्योंकि राजनीति में शुरू से ही रुचि थी तो कॉंग्रेस पार्टी के लिए लगातार काम किया उसके पाश्चात्य भँवर जितेन्द्र जी नें इनसे कहा आप पूर्णतः राजनीति में आओ क्योंकि मेवात में पढ़े लिखे नवजवानों की राजनीति में कमी है आप चुनाव की राजनीति करो उसके बाद उन्होंने सीधा ही जिला परिषद अलवर के वार्ड नंबर 41 से कॉंग्रेस पार्टी का प्रत्याशी बना दिया इन्होंने शानदार चुनाव लड़ा उसके बाद जिला युवा कॉंग्रेस में महासचिव बना दिया फिर उन्होंने जिला कॉंग्रेस में सचिव बना दिया,पूर्व में छात्र राजनीति में राजस्थान इंजीनियरिंग स्टूडेंट एसोसिएशन का अध्यक्ष भी रहे हैं दो बार । भारत सरकार के डेलीगेट के रूप में विदेश यात्रा भी की जिनमें चाइना व कतर देश शामिल रहे,ये इंडियन स्कूल ऑफ डेमोक्रेसी से भी जुड़े हुए हैं जो स्वच्छ राजनीति के उपर पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रम चलाती है जो कि दिल्ली में स्थित है,वर्तमान में प्रदेश कॉंग्रेस पार्टी में सचिव की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। पूर्व में रामगढ़ और तिजारा विधानसभा से कॉंग्रेस पार्टी में उम्मीदवारी भी की। मिलनसारिता की जब कहीं कोई बात होती है तो वहाँ इम्तियाज हुसैन का नाम बड़े अदब से लिया जाता है। इनके चाहने वाले भी सच मे बेशुमार हैं जो हमेशा इनके सुनहरे भविष्य की बात करते हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।



इम्तियाज हुसैन
(पीसीसी सचिव)

जय हिंद

## आज का इतिहास

### 28 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- तुर्की के सुल्तान सुलेमान प्रथम के सैनिकों ने 1521 में बेलग्रेड पर कब्जा किया।
- मुगलों ने 1600 को अहमदनगर पर कब्जा किया।
- फ्रांस में 28 जुलाई 1794 को मैक्सीमिलियन रोबेस्पियर और उसके साथियों को मृत्युदंड दिए जाने के बाद भय और आतंक का काल समाप्त हुआ। उसके अवधि में में 1 लाख 20 हजार लोग बिना मुकदमा चलाए मार दिए गए।
- स्पेन से पेरु को स्वतंत्रता मिली और 28 अगस्त 1821 को आज के दिन को इस देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया। यह देश दक्षिणी अमरीका के उत्तर पश्चिम में स्थित है और एक्वेडोर कोलम्बिया, चिली, ब्राजील और बोलीविया इसके पड़ोसी देश हैं।
- प्रसिद्ध पत्रिका साइंटेफिक अमरीकन का पहला संस्करण 1845 में छपा।
- कलकत्ता से बैरकपुर तक प्रथम कार रैली का आयोजन 1904 में हुआ।
- जापान साइबेरिया से अपने सैनिकों को 1922 में वापस बुलाने पर सहमत हुआ।
- जॉर्जिया में 1924 को सोवियत संघ के खिलाफ हुआ विद्रोह असफल रहा। इसमें हजारों लोगों की मौत हुई।
- इंग्लैण्ड ने 1956 में ऑस्ट्रेलिया को हराकर एशेज पर कब्जा जमाया।
- साधारण बीमा कारोबार राष्ट्री यकरण बिल 1972 में पारित किया गया।
- सोवियत संघ ने 1984 में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- भाग्यश्री साठे शतरंज में 1986 को ग्रैंडमास्टकर बनने वाली प्रथम महिला बनी।
- ईराक ने 1990 में कुवैत को अपना 19वाँ प्रान्त घोषित किया।
- श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन ने 1992 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने टेस्ट कॅरिअर की शुरूआत की।
- इंग्लैंड के प्रिंस चार्ल्स और उनकी पत्नी डायना ने 1996 में औपचारिक तौर पर तलाक लिया।
- मेजर समीर कोतवाल आसाम में 1999 को उग्रवादियों के एक गुट के साथ लडाई में शहीद हो गये।
- ताइवान के राष्ट्रपति चुने शुई बियान द्वारा चीन के साथ एकीकरण के विकल्प को स्वीकार करने का संकेत, संयुक्त राष्ट्र में सहस्त्राब्दि विश्व धार्मिक शिखर सम्मेलन 2000 में शुरू हुआ।
- भारत-पाक सीमा पर 2001 में गोलीबारी, पाकिस्तान के 8 सैनिक मरे।
- आइरिश रिपब्लिकन आर्मी यानी आईआरए ने 28 अगस्त 2005 में आधिकारिक तौर पर अपने सशस्त्र अभियान को रोकने की घोषणा की।
- बाराक ओबामा पहले अफ्रीकी अमेरीकी बने जिनका नाम अमरीका की एक बड़ी पार्टी ने 2008 में राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के रूप में पेश किया।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने 1999 और 2000 के सभी नोटो को प्रचलन से हटाने का निर्णय 2008 में किया।
- प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 2008 को बिहार में आए बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया।
- अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध मैगजीन फोर्ब्स ने 2008 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मायावती को दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं में शामिल किया।
- लोकपाल आंदोलन: अन्ना हजारे ने 2011 में भारतीय संसद द्वारा 3 मांगों के समर्थन का प्रस्ताव पारित करने के बाद दिल्ली के रामलीला मैदान में 13 दिनों से जारी अनशन को स्थगित करने की घोषणा की।
- माओवादी नेता डॉ बाबूराम भट्टराई तराई के मधेसी गठबंधन के समर्थन से नेपाल के नए प्रधानमंत्री 2011 में निर्वाचित हुए।

## विशेष आलेख

### फिराक गोरखपुरी पर विशेष

# फिराक गोरखपुरी में बसी थी भारत की सांझी संस्कृति

ललित गर्ग



'शायर-ए-जमाल'-सौन्दर्य का कवि कहलाने वाले फिराक गोरखपुरी उर्दू शायरी का देश एवं दुनिया का एक फनकार हैं जिसका रचना-संसार जीते-जी ही नहीं, मरकर भी गूंज रहा है। गोरखपुर को जिन वजहों से दुनिया भर में पहचान मिली, फिराक गोरखपुरी को हमें उनमें आगे की पंक्ति में रखना ही होगा। नाम के आगे गोरखपुरी लगाकर उन्होंने उर्दू अदब की दुनिया में गोरखपुर को जो ऊंचाई दी, गोरखपुर ही नहीं बल्कि समूचे पूर्वांचल के लोग इसके लिए गौरव का अनुभव करते हैं। शायरी कहने के अपने अलमस्त और बेलौस अंदाज को लेकर वह शायरों में ही नहीं, आमजन के बीच भी हमेशा चर्चा का विषय रहे। रघुपति सहाय से फिराक गोरखपुरी बने, वे भारत के एक प्रसिद्ध उर्दू शायर, कवि, लेखक और आलोचक थे। उनकी साहित्यिक प्रतिभा कविता, गजल और निबंध सहित विभिन्न शैलियों में फैली हुई है। प्रगतिशील लेखक आंदोलन के एक प्रमुख व्यक्तित्व, गोरखपुरी की रचनाओं में मानवीय भावनाओं और सामाजिक मुद्दों की गहरी समझ झलकती है। उनकी काव्यात्मक अभिव्यक्ति ने शास्त्रीय लालित्य को आधुनिक संवेदनाओं के साथ जोड़ा, जिन्होंने शायरी को लोक बोलियों से जोड़कर उसमें नई लोच, नई रंगत, नई ऊर्जा उत्पन्न की। उन्हें फारसी, हिन्दी, ब्रजभाषा और भारतीय संस्कृति की गहरी समझ थी, इन्हीं कारणों से उनकी शायरी में भारत की विविधताओं युक्त सांझी रची-बसी हुई है। वे जन-कवि और सौन्दर्य के परम उपासक के रूप में असंख्य लोगों के दिल और दिमाग में रचे-बसे हैं। फिराक गोरखपुरी का जन्म 28 अगस्त 1896 में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में हुआ। वे एक अमीर परिवार से संबंधित थे। उनके पिता का नाम मुंशी गोरख प्रसाद था, वे पेशे से वकील थे, किन्तु शायरी में उनका बहुत नाम था। इसी कारण फिराक को शायरी की प्रेरणा पिता से भी मिली। बचपन के चमकते-दमकते वैभव के बावजूद उनकी नजरें हमेशा जमीन की ओर देखती रही। उनकी जिन्दगी और रचनाओं का सफर न केवल रोचक रहा, बल्कि प्रेरणा का स्रोत भी रहा। उर्दू कविता के प्रति उनके मन मे छोटी आयु में ही रुझान था। बाल्यावस्था में ही उन्होंने उर्दू में कविताएं लिखना आरंभ कर दी। वे साहिर, इकबाल, फैज, तथा कैफी आजमी से अत्यधिक प्रभावित हुए। रामकृष्ण परमहंस की कहानियों से आरंभ करने के बाद उन्होंने अरबी, फारसी और अंग्रेजी में शिक्षा ग्रहण की। पढ़ाई में वे बड़े ही योग्य एवं होनहार विद्यार्थी थे। सन् 1917 में डिप्टी कलेक्टर के पद के लिए चुने गए परंतु महात्मा गांधी के स्वराज्य आंदोलन में भाग लेने के लिए उन्होंने 1918 में पद से त्यागपत्र दे दिया। 1920 में स्वाधीनता आंदोलन में भाग लेने के कारण उनको डेढ़ वर्ष की जेल की यात्रा सहन करनी पड़ी। वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के प्राध्यापक भी रहे। उनका कहना था कि उर्दू केवल मुसलमानों की भाषा नहीं है बल्कि आम भारतवासियों की भाषा है। पंडित जवाहरलाल नेहरू उनकी इस सोच से अत्यधिक प्रभावित हुए, उन्होंने फिराक को राज्यसभा का सदस्य मनोनीत किया। नेहरू ने फिराक को जेल से छूटने के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस के कार्यालय में अन्डर सेक्रेटरी बना दिया। लगभग 50 वर्षों तक वे सांप्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द के लिए काम करते रहे। फिराक की कविता में कुछ स्थानों पर रूमानियत देखी जा सकती है उन्होंने वियोग, श्रृंगार के सुंदर चित्र अंकित किए हैं। उनकी जिंदगी का ज्यादातर हिस्सा इलहाबाद बीता। और यहीं से वे शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचे। इलाहाबाद में फिराक, महादेवी वर्मा और निराला को मिलाकर उस दौर के साहित्य की दुनिया की त्रिवेणी बनती थी। उनकी अनौपचारिक संगोष्ठियों में अंग्रेजी के विद्वानों के साथ-साथ तुलसी, कालिदास और मीर के पाठ भी समानांतर चलते थे। गहरी-गहरी और गोल-गोल डस लेने वाली आंखों में उनके व्यक्तित्व का फक्कड़पन खूब जाहिर होता था। फिराक के पिता भी अच्छे शायर थे, इसलिए उनके आवास लक्ष्मी निवास पर साहित्यकारों की खूब महफिल सजती थी। महफिल सजाने वालों में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचन्द भी शामिल थे। कई बार प्रेमचंद वहां रुक भी जाते थे, जब फिराक की पत्नी को उनके लिए परहेजी खाना बनाना पड़ता था। इस दौरान फिराक का प्रेमचंद से एक खास रिश्ता बन गया था। फिराक की बेटी प्रेमा देवी ने अपने एक संस्मरण में लिखा है कि लक्ष्मी निवास पर पंडित नेहरू भी कई बार आए थे क्योंकि नेहरू के वे काफी नजदीक थे। फिराक भरी-पूरी संभावनाओं का नाम रहा है, जहां साहित्य की अनेक सरिताएं प्रवहमान रही हैं। फिराक तबीयत से भले ही हर किसी को बागी नजर आए लेकिन उनकी शायरी सहज थी। उनके शेरों में संवेदनाएं, नेकदिली और जिंदादिली का अहसास कोई भी कर सकता है। उर्दू गजल के पारंपरिक अंदाज में बिना किसी छेड़छाड़ के नए लहजे की शायरी की जो अद्भुत मिसाल उन्होंने पेश की, उससे शायरी के कद्रदानों के अलावा मशहूर शायर भी उनके कायल हो गए। निदा फाजली जैसे शायर ने तो शायरी की दुनिया में गालिब और मीर के बाद फिराक को तीसरे पायदान पर रखा है। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और महादेवी वर्मा जैसे साहित्यकारों के सान्निध्य में उन्होंने अपनी शायरी को ऊंचाई दी। पद्मश्री अली सरदार जाफरी ने फिराक को उर्दू शायरी की नई आवाज करार दिया। जोश मलीहाबादी ने कहा कि फिराक उर्दू के उस्ताद शायरों में एक बड़े नामवर गोशे के मालिक हैं। साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. विश्वनाथ तिवारी ने फक्कड़, मूडी, गुस्सैल आदि अनेक परिचय के धनी फिराक को शायरी के दुनिया का बेताज बादशाह कहा है। यही कारण है कि मिर्जा गालिब और अमीर खुसरो की तरह ही फिराक गोरखपुरी के जीवन पर भी कई फिल्में बन चुकी हैं। एक फिर फिल्म गवर्नमेंट आफ इंडिया के फिल्म डिविजन ने भी बनाई है। फिराक के जीवन पर कई किताबें भी लिखी गईं हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## आगामी विभिन्न पर्वों को देखते हुए डॉ. सौम्या झा ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सौम्या झा ने 7 सितंबर को गणेश चतुर्थी, 13 को बाबा रामदेव जयंती एवं तेजा दशमी, 16 को बारावफात एवं 18 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के पर्व को देखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि उपखंड मजिस्ट्रेट टोंक को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट टोंक को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, उपखंड मजिस्टेड्ट उनियारा को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्टेड्ट उनियारा को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी तरह उपखंड मजिस्ट्रेट निवाई को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट निवाई को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट पीपलू को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट पीपलू को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी तरह उपखंड मजिस्ट्रेट देवली को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट देवली को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट दूनी को संपूर्ण क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट नगरफोर्ट को संपूर्ण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट मालपुरा को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट मालपुरा को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया हैं।

## सुअरों ने मचा रखा हैं आतंक

### रेस्क्यू कर जंगलों में छोड़ने की प्रशासन से की मांग

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/गुंसी( नि.स. )।** उपखंड क्षेत्र के गांव सेदरिया, लुहारा, बिचपड़ी, राधागोविंदपुरा, श्रीसुरतपुरा एवं बराड़ी सहित कई गांवों में जंगली सुअरों ने आतंक मचा रखा है। सुअर किसानों की फसलों को तहस नहस कर रहे है। भारतीय किसान समाज संगठन के सदस्य भागुता गुर्जर, रामकिशन गुर्जर, सांवलराम गुर्जर, सरदार जाट, दयाराम चौधरी एवं रायचंद जाट सहित कई किसानों ने बताया कि सुअर खेतों में खड़ी फसल को नष्ट कर रहे है। उन्होंने बताया कि किसान रात रात भर जागकर फसलों की रखवाली कर उसे बचाने की कोशिश कर रहे है लेकिन फिर भी मौका मिलते ही सुअर झुंड के रूप में खेतों में घुस जाते है और फसल को नष्ट कर जाते है। तार जाली लगाकर भी किसान फसलों को नहीं बचा पा रहे है। सुअर जाली के नीचे से जमीन खोदकर खेतों में घुस जाते है। क्षेत्र में इनका इतना आतंक बढ़ चुका है कि किसान अकेले रखवाली करने से भी डर रहे है। उन्होंने बताया कि सुअरों की मूंगफली, मूंग और उड़द की फसल पर ज्यादा नजर रहती है। यदि यही हाल रहे तो किसान इन फसलों को उगाना ही बंद कर देंगे। ग्रामीणों ने बताया कि किसान महासभा के नेतृत्व में किसानों ने गुरुवार को उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन देकर सुअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने का ज्ञापन दिया था लेकिन अभी तक कोई ठोस उपाय नहीं हुआ है। क्षेत्र के किसानों ने सुअरो को रेस्क्यू कर जंगलों में छोडने की प्रशासन से मांग की है।

## कृषि मंडी में स्थित चुग्गा घर पर टीन शेड लगवाने की मांग का मंडी सचिव को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** कृषि मंडी व्यापार मंडल ने मंडी सचिव कमलकुमार सौनी को ज्ञापन सौंपकर मंडी परिसर में स्थित चुग्गा घर पर टीन शेड लगवाने एवं सभी ब्लॉकों में शौचालय बनवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि मंडी परिसर में वर्ष 1984 में चुग्गा घर का निर्माण करवाया गया था। बरसात के दिनों में चुग्गा घर में पानी की वजह से पक्षियों के लिए डाला गया अनाज खराब हो जाता है। इसलिए चुग्गा घर पर टीन शेड लगाया जाए जिससे बरसात में भी पक्षियों को खाने के लिए दाना मिल सके। व्यापारियों ने बताया कि मंडी में सीजन के समय बहुतायात में किसान अपना माल बेचने के लिए आते हैं। इसके अलावा महिला कृषक भी मंडी में आती रहती हैं। लेकिन उनके लिए शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है। ज्ञापन के माध्यम से मंडी परिसर में स्थित सभी ब्लॉकों में शौचालय निर्माण करवाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान व्यापारी पवन चंवरिया, सुशील गिंदोड़ी, मनोज पहाड़ी, आशीष टोडवाल, सोनू सिरस, रौनक बोहरा, राजेंद्र चौधरी, बुद्धराम चौधरी, मोनू पाटनी व रोहित टोडवाल सहित कई व्यापारी मौजूद थे।


# रोज हो रही 33 केवी लाइन फाल्ट, 2 लाइन के बाद भी कस्बे में सुबह से शाम तक रोज हो रही बिजली कटौती

बढ़ता राजस्थान

**शिवाड़ ( नि.स. )** । कस्बे में स्थित 33 केवी जीएसएस पर चौथ का बरवाड़ा स्थित 132 केवी जीएसएस से विधुत सप्लाई आ रही है मगर लगातार बारिश के दिनों में इस लाइन में फाल्ट आने से लोगो को सुबह से शाम तक बिना बिजली रहना पड़ रहा है । पिछले 4 दिन से लगातार इस लाइन में फाल्ट आने से लोगो को बिजली नही मिल रही है वही कस्बे सहित आस पास के करीब 10 गॉव ढाणियों की बिजली भी बन्द है । कस्बे में होने को 132 केवी जीएसएस से दो लाइन है एक लाइन चौथ का बरवाड़ा जीएसएस से है तो दूसरी झिलाई जिला टोंक जीएसएस से आ रही है जो रिज़र्व के लिए विभाग ने रखी हुई है मगर टोंक जिले में होने के कारण सिरस गॉव से इस 33 केवी लाइन झिलाई से शिवाड़ को काट कर रखा हुआ है इस कारण इस लाइन का शिवाड़ के लिए कोई औचित्य नही है जबकि आज से 4 साल पूर्व इसी लाइन से कस्बे में बिजली सप्लाई होती थी। इस लाइन को चौथ का बरवाड़ा लाइन से सप्लाई होने के बाद अतिरिक्त लाइन के रूप में रखा गया था ताकि बरवाड़ा वाली लाइन में खराबी आने पर इस लाइन से इन कस्बो की बिजली को सुचारू किया जा सके मगर निगम एक होने के बाद भी दो जिलों की आड़ में इस लाइन को टोंक जिले के अधिकारियों ने बन्द कर रखा है। जबकि पिछले वर्ष ही इस लाइन को चोरों द्वारा काटने के पश्यात शिवरात्रि के समय शिवाड़ में निर्बाध लाइट के लिए लाइन को पुनः नया जोड़ा गया था लेकिन शिवरात्रि के बाद पुनः सिरस से इसके तार हटाकर रख दिये जाते है जिससे टोंक जिले के अधिकारियों की हठकर्मिता के चलते शिवाड़ कस्बे सहित आस पास के 10 गॉवो में बिजली की समस्या हो रही हैं। चौथ का बरवाड़ा से शिवाड़ आ रही 33 केवी लाइन के इंसुलेटर आदि पुराने होने से वो थोड़ी सी बारिश में फूट रहे है जिस कारण रोज फाल्ट की समस्या आ रही हैं। शिवाड़ कस्बे में लगातार आ रही समस्या के प्रति किसी अधिकारी का कोई ध्यान नही है । कोई उच्च अधिकारी टोंक जिले के झिलाई से आ रही 33 केवी लाइन को वहां के अधिकारियों से संपर्क कर चालू नही करवा रहे है।

### क्या है समाधान

ग्रामीण एवं समाजसेवी कुमुद जैन ने बताया की झिलाई से शिवाड़ आ रही 33 केवी लाइन को 24 घंटे शिवाड़ के लिए चालू रखा जाये इस हेतु शिवाड़ जीएसएस पर इसका जिओ लगाया जाए जिससे इसको चालू और बन्द करने का सिस्टम शिवाड़ पावर हाउस पर हो और सिरस से ये हमेशा जुड़ी रहे इसके साथ ही इन दोनों जिलों में मीटर रीडिंग का विवाद है इस लाइन का मीटर भी शिवाड़ जीएसएस लगवाया जाये और प्रत्येक माह रिपोर्ट भेजने की ज़िम्मेदारी यहां लगे कनिष्ठ अभियंता को सौप दी जाये तो कस्बे में दोनो 33 केवी लाइन चालू रह सकती है और एक मे सप्लाई जाने पर शिवाड़ से ही दूसरी लाइन से जीओ से सप्लाई शुरू की जा सकती है । दोनो जिलों के उच्च अधिकारी चाहे तो चुटकी में इसका समाधान हैं।



# प्रदेश में यदि कोई नया जिला बनेगा उनमें सबसे पहला जिला मालपुरा बनेगा : कन्हैयालाल चौधरी

### क्षैत्र की सरकार के सामने वकील बनकर करूंगा पैरवी : चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मालपुरा क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा है कि यदि प्रदेश में अब कोई नया जिला बनता है तो उनमें सबसे पहला नाम मालपुरा का होगा। जलदाय मंत्री चौधरी मालपुरा में आयोजित एक समारोह में उमड़े जन सैलाब को सम्बोधित करते हुए जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि पिछले 11 साल से वे क्षेत्र की जनता के सेवक बन कर कार्य कर रहे हैं। इस बार क्षेत्र की जनता को उनके माध्यम से सरकार में प्रतिनिधित्व मिला है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आर्शिवाद से व प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अनुशंषा पर मिले से इस अवसर का पूरा लाभ लेने का प्रयास करेगें। चौधरी ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि यदि प्रदेश सरकार आगामी सरकार की पांच साल की अवधि में एक भी नया जिला बनाती है तो उसमें पहला नाम मालपुरा का होगा। चौधरी ने कहा कि भगवान इन्द्रदेव की कृपा से इस बार बारिश अच्छी होने से क्षेत्र के सभी बांध भर चुके हैं। अतिवृष्टि से फसले भी खराब हुई है लेकिन खराबे का नए नियमो के तहत सर्वे कराया जाकर किसानो को पूरा मुआवजा मिलेगा। आगामी पांच साल की अवधि में प्रदेश में 52 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन होने से बिजली की कोई कमी नहीं रहेगी। मालपुरा क्षेत्र विकास की दृष्टि से कहीं पीछे नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के कामो के लिए सरकार में पास वकील बन कर पैरवी करेगें। जलदाय मंत्री ने यह भी विश्वास दिलाया कि जलदाय मंत्री के रूप में सभी काम पूरी तरह से समझ चुके हैं। अब वे आम जनता के बीच रहकर हर काम सुनेगें समझेगें काम करवा कर आम जन के विश्वास पर खरा उतरेगें। चौधरी की धर्मपत्नि राधा चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने पिछले 11 सालो से जो आर्शिवाद और विश्वास दिया है उसे हर कीमत बनाए रखकर क्षेत्र की आम जनता के विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतरने का वादा करते हैं। मंत्री जी के हर काम में उनका पूर्ण सहयोग रहेगा ओर मंत्री अब पूरा समय क्षेत्र की जनता को देगें।



## लगातार बारिश से कच्चा मकान ढहा, परिवार बाल-बाल बचा



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )** । नटवाड़ा कस्बे में पिछले एक सप्ताह से रुक-रुककर हो रही बारिश के चलते एक कच्चा मकान गिर गया। इसमें परिजन तो बाल-बाल बच गए लेकिन घर टूटने से नुकसान हो गया। घर ढहने के बाद बचे सामान को परिवार ने पड़ोसी के घर में रखा है। गांव नटवाड़ा निवासी बदाम देवी पत्नी भँवर लाल कीर मजदूरी कर परिवार का भरणपोषण करते हैं। सोमवार की रात पूरा परिवार कच्चे मकान में सो रहा था। तभी मकान की खपरेल दरक गई। गनीमत रही कि परिवार के किसी सदस्य को चोट नहीं लगी। लेकिन कच्चा मकान ढहने से मलबे में घरेलू सामान, खाने-पीने सहित गृहस्थी का पूरा सामान दबने से परिवार का बड़ा नुकसान हो गया है।

वहीं परिवार के सामने अब बारिश के मौसम में रहने का संकट आ गया है। हल्ला सुनने के बाद आसपास के पड़ोसी मौके पर पहुंचे। घर का सामान बाहर निकाला। पीड़ित परिवार को सरकारी आवास योजना का भी लाभ नहीं मिला है। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# भगवान राम की बाल लीलाओं में पहुंचे भगवान शिव

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के महेश सेवा सदन में श्री रामकथा महोत्सव आयोजन समिति एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे रामकथा के दौरान मंगलवार को भगवान श्री राम की बाल लीलाओं के प्रसंग में भभूतधारी भगवान शिव के पहुंचने के प्रसंग की कथा सुनाई। व्यासपीठ से संत श्री शम्भशरण जी लाटा ने प्रभू श्री राम की बाल लीला, ऋषि विश्वामित्र द्वारा राजा दशरथ से राम और लक्ष्मण को शिक्षा दीक्षा के लिए वन में लें जाने, वन में असूरो के संहार, ताड़का वध व जनकपुर में दोनो राजकुमारो के भ्रमण के प्रसंग की कथा सुनाई। कथा के दौरान संत श्री ने बताया कि भगवान श्री राम का प्रकाट्य राजा दशरथ के महल में हुआ। इसी के चलते ब्रह्मांड के सभी देवी देवता भी भगवान विष्णु के रूप में प्रकट हुए भगवान श्री राम की बाल लीलाओ को देखने महलो में आने लगे।

इसी दौरान भगवान शिव भी बाबा का रूप धारण कर महल में पहुंच गए। इस पर माता कौशल्या ने बाबा का रूप देखकर बाल रूप राम के डर कर रोने की बात कही। माता कौशल्या भगवान शिव को नहीं पहचान सकी। लेकिन बाल रूपी भगवान श्री राम ने भगवान शिव को पहचान कर अपनी बाल लीलाओं को प्रारम्भ कर दिया। साथ ही जोर जोर से रोने भी लगे। जैसे ही भगवान शिव ने बाल रूप में आए विधाता को स्पर्श किया तो बालक राम मुस्कराने लगे और बाबा रूपी भगवान शिव के साथ खेलने लगे। इन सभी मार्मिक प्रसंगो को सुनकर मौजुद श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। भारत विकास परिषद प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि कथा के दौरान सहयोगकर्ता के रूप में परिषद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा तथा मंगलवार को आरती का लाभ लेने वाले रामधन चौधरी के परिवारजनो का स्वागत सम्मान व अभिनन्दन किया गया।

## 300 यात्रियो के जत्थे ने की 54 किलोमीटर की परिक्रमा पूर्ण की



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** श्री जैन आदिनाथ मंडल समिति पांडुकशिला के तत्वावधान में मालपुरा से झांरखंड राज्य में सुविख्यात जैन तीर्थ क्षैत्र श्री सम्मेदशिखर जी के लिए गए 300 यात्रियो के जत्थे ने 54 किलोमीटर यात्रा सकुशल पूरी कर ली। यात्रियो में शामिल विनोद कुमार जेन नेता एवं चम्पालाल जैन ने बताया कि मंडल द्वारा प्रति वर्ष यह यात्रा करवा कर मालपुरा क्षैत्र के श्रद्धालुओं को तीर्थराज सम्मेदशिखर जी की पावन यात्रा का सुअवसर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार मालपुरा से तीन सो यात्रियो का दल सम्मेदशिखर जी की यात्रा के लिए गया था। मंगलवार को दल ने 54 किलोमीटर की परिक्रमा पूर्ण कर ली गई है।

# खराब हुई फसलो का पूरा मुआवजा दिलाने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** सिकोई डिकोन संस्था द्वारा संचालित श्री कल्याण किसान सेवा समिति मालपुरा की ओर से उपखण्ड अधिकारी मालपुरा के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति तहसीलदार राहुल पारीक को सौंप कर क्षैत्र में अति वृष्टि के चलते खराब हुई फसलो का तुरन्त सर्वे करवा कर किसानो को पूरा मुआवजा दिलाने की मांग की है।


सिकोई डिकोन संस्था के शाखा प्रभारी विवेक त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को किसान सेवा समिति महासंघ के अध्यक्ष कैलाश गुर्जर व समिति अध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में सेवा समिति के प्रतिनिधिमंडल की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि मालपुरा क्षैत्र में हो रही अति वृष्टि के चलते किसानो की फसले खराब हो चुकी है। ज्ञापन में खराब हुई फसलो का सर्वे करवाया जाकर शीध्र मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। ज्ञापन देते समय प्रहलाद चौधरी, गोपाल चौधरी, प्रभू सिंह, रामलाल मेघवंशी, रामसाई शर्मा, शेरसिंह, भैंरू जांगिड़, सुनीता कंवर, गुलाबदेवी, गेंदा देवी सहित अन्य कई समिति सदस्य मौजुद रहे।

## डिडायच-देवली रपट पर लगातार पानी होने से शिवाड़ से सवाई माधोपुर सड़क मार्ग पिछले 25 दिन से बन्द

बढ़ता राजस्थान

**शिवाड़ ( नि.स. )** । कस्बे से जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर और तहसील मुख्यालय चौथ का बरवाड़ा जाने वाला सड़क मार्ग बनास नदी आने से करीब 25 दिन से बन्द है । ग्रामीण टीकाराम मीना ने बताया कि देवली डिडायच रपट पर पुलिया नही होने से बनास का पानी रपट पर बहुत तेजी से करीब 25 दिन से लगातार बह रहा है इस कारण शिवाड़, सारसोप, ईसरदा, देवली सहित कई गॉवो का सड़क मार्ग से जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर और तहसील मुख्यालय चौथ का बरवाड़ा से संपर्क कटा हुआ है। इस रपट पर पिछली 2 अगस्त से लगातार पानी बह रहा है इस कारण शिवाड़ घुश्मेश्वर मंदिर, चौथ का बरवाड़ा में माताजी मंदिर, सवाई माधोपुर त्रिनेत्र गणेश जी मंदिर जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है ।

**पुलिया के लिए 101 करोड़ का बजट स्वीकृत :** यहां पुलिया के लिए अब पुनः बजट में संशोधन हुआ है और 101 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है पूर्व कांग्रेस सरकार में इस पुलिया के लिए कम राशि मंजूर होने से कार्य प्रारंभ नही हुआ था उसके बाद आचार संहिता लगने के बाद नवीन



राज्य सरकार आने के बाद पुनः लोगो की मांग पर बजट राशि संशोधित हुई और 101 करोड़ रुपये की राशि पिछले माह मंजूर हुई है जिसके बाद अब जल्दी कार्य शुरू होने की सभी को आस है ।

## श्रीरामपुरा तालाब की पाल टूटने की कगार पर, ग्रामीणों के लिए पानी बना मुसीबत



बढ़ता राजस्थान

**दत्तवास ( नि.स. )।** ग्राम पंचायत श्रीरामपुरा में तालाब की पाल टूटने की कगार पर है। राजाराम गुर्जर ने बताया कि सोमवार की रात को हुई बारिश के बाद तालाब की पाल टूटने की कगार पर पहुंच गया है। इस तालाब की दूसरी तरफ ढाणीया और इस तालाब से निकलने वाला पानी घरों एवं फसलों के लिए मुसीबत बन सकता है। ग्रामीणों ने तालाब की पाल टूटने की सूचना प्रशासन को दी। सूचना देने के बावजूद भी कोई भी अधिकारी व कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे। बारिश के बाद भरे तालाब की पाल तक पानी पहुंच चुका है, ऐसे में अब सिर्फ थोड़ी और बारिश या पानी के दबाव से ही आसपास के घर व फसलों में पानी भरने की संभावना बनी हुई है। ग्रामीण लोग अपने स्तर पर अस्ति पाइप लगाकर पानी की निकासी कर रहे है। बता दें कि दतवास में आसपास के क्षेत्र में कल से ही लगातार बारिश हो रही है।

बारिश के कारण आस पास के क्षेत्र पहले से ही जलमग्न है। ऐसे में इतने बड़े तालाब के टूटने से बाढ़ के हालात बन जाएंगे। ग्रामीणों ने इस संबंध में जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को सूचना दी। तालाब का क्षेत्रफल इतना बड़ा है कि तालाब की पाल टूटने पर पानी बहुत दूर तक नुकसान पहुंचाएगा। आसपास के खेत पहले से पानी से भरे हुए है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से तालाब टूटने की समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# हाइवे पर गड़रपुरा गांव के पास सड़क हादसा, श्रद्धालुओं से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली पलटी

- बाबा विशिंगीर के दर्शन कर लौट रहे थे दो दर्जन से अधिक ट्रेक्टर-ट्रॉली सवार
- एक बालक सहित दो की मौत, महिलाओ और बच्चो सहित एक दर्जन घायल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड से निकल रहे हाईवे 11 बी पर गडरपुरा गांव के पास मंगलवार की सुबह सड़क हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरे एक ट्रेक्टर के अचानक से ब्रेक फेल होने से रामसागर बांध किनारे बाबा विशिंनगिर के दर्शन कर लौट रहे दो दर्जन से अधिक लोग हादसे का शिकार हो गए। जिसमे एक 50 वर्षीय अधेड़ की जहां मोके पर ही मौत हो गई वही एक 12 वर्षीय घायल बालक ने आगरा में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दुर्घटना में महिला और बच्चो सहित एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए। जिनको बाड़ी सामान्य अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद धौलपुर और आगरा रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार यूपी के आगरा जिले के जगनेर थाना क्षेत्र के सिगायच गांव निवासी दो दर्जन से अधिक लोग ट्रैक्टर-



ट्राली में सवार होकर सोमवार की शाम बाड़ी सदर थाना क्षेत्र के रामसागर बांध किनारे बाबा विशिनगिर के लक्खी मेले में दर्शन करने आए थे। जहां पूरी रात रुकने के बाद मंगलवार सुबह 5.30 बजे वापस अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान जैसे ही वह हाईवे 11बी पर गडरपुरा गांव के पास पहुंचे। ब्रेक फेल होने के चलते चालक से ट्रैक्टर-ट्राली अचानक अनियंत्रित हो गई और ट्रॉली सहित ट्रैक्टर पलट गया।

**ट्रॉली के नीचे फंसे लोग, ग्रामीणों ने निकाले बाहर :** हाइवे पर ट्रेक्टर-ट्रॉली पलटने के दौरान जहां कुछ लोग उचटकर सड़क पर गिर गए वही कुछ लोग ट्रॉली के नीचे ही दब गए। ऐसे में आसपास के ग्रामीण मोके पर जमा हो गए जिन्होंने प्रशासन और पुलिस को सूचना देने के साथ ट्रॉली में फंसे लोगो को बाहर निकाला इस दौरान जेसीबी से ट्रैक्टर ट्राली को सीधा कराया गया। जिसके बाद रास्ता सुगम हो सका। इसके बाद मोके पर पहुंची हाइवे और अन्य एम्बुलेंस से सभी घायलों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया गया।

### दुर्घटना में अधेड़ के साथ बालक की मौत

दुर्घटना में यूपी के जगनेर थाना क्षेत्र के सिगायच निवासी 50 वर्षीय वीरेंद्र पुत्र नवल सिंह ठाकुर की मौत हो गई जिसके शव को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी रखवाया गया। वहीं महिला और बच्चों सहित एक दर्जन से अधिक घायलों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एक बालक और एक बुजुर्ग महिला को गंभीर हालत में पहले हायर सेंटर रेफर किया इसके बाद प्राथमिक उपचार देकर सभी घायलों को जिला अस्पताल धौलपुर रवाना किया गया। आगरा में उपचार के दौरान 12 वर्षीय बालक हेमंत उर्फ हेमू पुत्र महेंद्र सिंह ठाकुर की मौत हो गई। दोनों मृतकों के शवों का बाद में आगई थाना पुलिस ने पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया।



# धौलपुर में श्रद्धा और उल्लास से मनाया भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव

## कान्हा को लगाए 56 भोग, फूल बंगला में विराजे ठाकुर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( प्रदीप कुमार वर्मा )।** योग योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव जन्माष्टमी का पर्व सोमवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।जन्माष्टमी पर्व के मौके पर धौलपुर जिले के कृष्ण मंदिरों पर भजन, संकीर्तन, छप्पन भोग, फूल बंगला झांकी तथा भजन संध्या सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर धौलपुर के तीर्थराज मचकुंड सरोवर स्थित प्राचीन लाड़ली जगमोहन मंदिर में जन्माष्टमी पर्व पर लाडली जगमोहन जू को वृंदावन धाम में तैयार की स्टोन जड़ित पोशाक से विशेष श्रृंगार किया गया। इसके साथी ठाकुर जी का फूल बंगला सजाया गया तथा उन्हें 56 भोग अर्पित किए गए। मंदिर के महंत कृष्णदास महाराज ने बताया कि इस बार लाड़ली जगमोहन का स्टोन से जड़ित सवा लाख रुपए कीमती विशेष पोशाक से श्रृंगार किया गया है। इस विशेष पोशाक का निर्माण करीब दो माह से वृंदावन धाम में किया जा रहा था। शहर के रियासत कालीन राधा बिहारी मंदिर पर भी जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा और उल्फत मनाया गया इस मौके पर राधा बिहारी जी की फूल बंगला की विशेष झांकी सजाकर श्रृंगार किया गया तथा श्रद्धालुओं को मिश्री और मक्खन का भोग वितरित किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी बृजेंद्र कुमार ने भगवान के विग्रह की आरती उतारी। जन्माष्टमी पर्व पर शहर के लाडली जगमोहन मंदिर, राधा बिहारी मंदिर, मदन मोहन मंदिर, भगवान जगन्नाथ मंदिर, निहालेलेश्वर मंदिर,मारकंडेश्वर मंदिर,दुर्गा महामाया मंदिर, मां काली मंदिर,पेच वाले हनुमान मंदिर तथा अदालत परिसर स्थित गिरिराज जी मंदिर सहित अन्य मंदिरों पर भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन भगवान का पंचामृत से अभिषेक रात्रि 9 बजे से प्रारंभ हो गया,जो रात्रि 12 बजे भगवान श्री कृष्ण के जन्म तक चला। रात को ठीक 12.00 भगवान श्री कृष्ण का प्रकट के उत्सव मनाया गया। इसके बाद मंदिरों पर घंटे और घड़ियाल गूंज उठे तथा सृष्टि ने प्रभु के धरती पर अवतरण का जय घोष किया। इसके बाद लोगों को पंचामृत और प्रसादी वितरित की गई। मंगलवार को मंदिरों पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के मौके पर मंदिरों पर भगवान श्री कृष्ण के स्वरूप की झांकियां सजाई जाएगी। उधर, जन्माष्टमी पर्व को लेकर धौलपुर में पुलिस एवं प्रशासन की ओर से भी माकूल सुरक्षा इंतजाम किए गए।

# पशु चिकित्सा एवं पशु कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों के साथ संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** पशुपालन विभाग द्वारा प्रथम बार नवाचार करते हुए पशु चिकित्सा एवं पशु कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागीय कार्मिकों तथा पशु कल्याण संस्थाओं का संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को शहर के एक निजी होटल में किया गया द्य पशु पालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ राजेश गुप्ता ने बताया कि सरकार द्वारा पशुपालकों की आय को दुगुना करने के उद्देश्य से कई योजनाएं पशु पालन विभाग के माध्यम से राज्य एवं जिले में संचालित की जा रही है, योजनाओं के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वन हेतु विभागीय उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन नवाचार के रूप में आयोजित किया गया गया जिसमे उनके द्वारा किए कार्यों से सभी कार्मिकों के साथ साझा किया गया,साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने सभी को विभागीय उपरना एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। डॉ गुप्ता ने बताया कि कार्मिकोंके चयन हेतु संबंधित



विभागीय उपखड प्रभारी, डॉ मुरारी लाल मीना उपनिदेशक पशु धन विकास, डॉ आलोक श्रीवास्तव वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉ विजय मंडोवरा वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी की तीन सदस्यीय समिति बनाई गई थी जिन्होंने एक सो अधिकारियों एवं कर्मचारियों का चयन किया गया । डॉ विजय मंडोवरा ने बताया कि विभागीय कार्मिकों के साथ साथ पशु कल्याण के क्षेत्र में कई वर्षों से कार्य कर रही समाज सेवी संस्थाओं डब्लू.आर.आर. सी.,शुभेच्छा फाउंडेशन,एवं जीतू डॉग सेंटर तथा रोहित कुमार का डॉ राजेश गुप्ता, डॉ मुरारी लाल एवं डॉ संजय कुमार द्वारा सम्मान किया गया,डब्लू आर आर सी की तरफ से यह सम्मान अध्यक्ष विवेक जसाईवाल,सचिव सूरज राजपूत,शुभेच्छा फाउंडेशन की तरफ से ट्रस्टी अविनाश सैनी एवं नितिन यादव ने तथा जीतू डॉग सेंटर की तरफ से यह सम्मान लवीन वर्मा ने लिया कार्यक्रम में मीडिया से आए हुए पत्रकारों का भी उपरना ओढ़ा कर एवं पुष्प भेट कर सम्मान किया गया । कार्यक्रम संचालन डॉ विजय मंडोवरा ने किया,आभार डॉ आलोक श्रीवास्तव एवं डॉ राजेश चौधरी ने माना।

# शहर में धूमधाम से मनाया गया भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव

## घर-घर जन्मे कान्हा, मंदिरो पर हुए विशेष आयोजन
## दही हांड़ी प्रतियोगिता में युवाओ ने लिया भाग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** भाद्र मास कृष्ण पक्ष अष्टमी को सोमवार की रात शहर में भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न मंदिरों को जहां विशेष रूप से सजाया गया वहीं छोटे बच्चों द्वारा गली मोहल्लो में भगवान कृष्ण से जुड़े विभिन्न रूपों की झांकियां सजाई गई। शाम होते-होते शहर की महिलाएं भी बच्चो के साथ टोलियों में भगवान कृष्ण के विभिन्न रूपों के दर्शन करने के लिए मंदिरों और झांकियां में पहुंची। रात 12 बजे जब भगवान कृष्ण का जन्म हुआ तो विभिन्न मंदिरों से जयकारे गूंज उठे। शहर के दाऊजी मंदिर पर इस दौरान दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

धौलपुर जिला ब्रज क्षेत्र से जुड़ा है ऐसे में यहां भगवान कृष्ण की लोगों में विशेष आस्था है। इसी के चलते शहर के एक दर्जन से अधिक मंदिरों पर विशेष आयोजन देखने को मिले। छोटे बच्चों द्वारा भी जगह-जगह झांकियां सजाई गई। जिनमे छोटे बच्चों को ही कृष्ण,राधा, बलदाऊ और अन्य रूपों में सजाया गया। दाऊजी मन्दिर पर





आयोजित प्रतियोगिता में माखन और दही से भरी मटकी को फोड़ने के लिए युवाओं की टोलियों ने कई बार प्रयास किया। इस आयोजन को देखने के लिए शहर के लोग उमड़ पड़े। शहर के पुराना गंज में ठाकुर चित्र शिरोमणि राधा कृष्ण मंदिर पर विशेष आयोजन किया गया। यहां भजन कीर्तन के साथ मंदिर पर फूल बंगला झांकी सजाई गई और प्रसादी का वितरण हुआ। वही तुलसीवन स्थित श्याम के राधा-कृष्ण मंदिर पर भी विशेष आयोजन किया गया। शहर के पुराना बाजार विट्ठलनाथ मंदिर,मुरली मनोहर मंदिर,टाटा पाड़ा स्थित बांके बिहारी मंदिर,पटवारी मंदिर,गुमट हनुमान मंदिर, बालेश्वर महादेव मंदिर पर भी विशेष आयोजन देखने को मिले।

### महिलाओं ने रखे उपवास,घर-घर जन्मे कान्हा

कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शहर में घर-घर महिलाओं ने व्रत रखें और अपने मंदिरों के ठाकुर जी को विशेष रूप से सजाया। खीरे में लड्डू गोपाल जी को बिठाकर रात 12 बजे जन्म कराया और स्नान कराकर विशेष पोशाक पहनाकर ठाकुर जी की परिवार सहित आरती की। इस दौरान मंदिरों से लाई गई विशेष पंजीरी और पंचामृत के प्रसाद को घर में बने पकवान में मिलाकर महिलाओं ने व्रत खोले।

# राजाखेडा में बाबू महाराज दिव्यांग पार्क का लोकार्पण

## धौलपुर के टाउन हाल का भी हुआ शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** प्रदेश के नगरीय निकास विभाग के मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से धौलपुर नगर परिषद के टाउन हाल तथा राजाखेडा के दिव्यांग पार्क का वर्चुअली पार्क लोकार्पण किया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम भी वर्चुअली जुड़े। राजाखेडा में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा ने क्षेत्र के लोगों को लोकार्पण की बधाई दी और मंत्री झाबरसिंह खर्रा और जवाहर सिंह बेढम को धन्यवाद दिया। संबोधन के दौरान नीरजा शर्मा ने कहा कि पार्क से लोगों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, पूर्व जिला प्रमुख रामवती जाटव, राजाखेड़ा एसडीएम मनीषा मीणा एवं नगर पालिका ईओ टिकेंद्र सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला स्तर पर डीओआईटी केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल लोकार्पण के बाद जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी एवं नगर परिषद सभापति खुशबू सिंह ने भौतिक रूप से टाउनहॉल के लोकार्पण शिलालेख का अनावरण किया। जिला कलक्टर ने लोकार्पण कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विधायक धौलपुर शोभरानी कुशवाह, नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन सहित अन्य मौजूद रहे।

## राजेश रावत बनने राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली (नि.स.)।** कोटपुतली के निकटवर्ती ग्राम नांगल पण्डितपुरा के राजेश रावत पुत्र हसंराज गुर्जर को राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा राजस्थान गुर्जर महासभा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है राजेश रावत जो अभी गुर्जर देव सेना के जिला महामंत्री के पद पर कार्यरत हैं । इस मौके पर सरपंच विक्रम रावत डॉ अली पटेल सोमदत रावत जिलाअध्यक्ष अंकित गुर्जर सुभाष रावत युवा नेता दयाराम रावत डेलिगेट नरेश भगत जी मोजीराम रावत सुमेर पटेल बलेश रावत सूबे गुर्जर बाबू सरपंच नरेश रावत राजाराम उप सरपंच रामपुरा राजेश भोपिया एड्वोकेट धर्मपाल रावत आदि लोगों ने शुभकामना दी।

# बाबा विशिनगीर के लक्खी मेले में उमड़ी श्रद्धा हजारो की संख्या में जातरुओं ने लगाई ढोक

## तीन दिन के मेले में नवमी मंगलवार को जुड़ी बाबा की जात

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के रामसागर बांध किनारे लोक देवता बेरा बाबा के मेले में मंगलवार को भादो मास कृष्ण पक्ष नवमी को विशेष जात लग रही है। इस दौरान विशाल मेला भरा है। सोमवार की देर रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मेला स्थल पर जमा हो गई थी। सुबह से बाबा विशिंगिर के दूर-दूर से आए जातरुओं द्वारा दर्शन किए जा रहे हैं और मनौती पूरी होने पर ढोक लगाकर बाबा को प्रसादी चढ़ाई जा रही है। इस दौरान मेले में सुरक्षा जाप्ता लगाया गया है साथ में मेडिकल टीम को भी तैनात किया गया है। मेला शांतिपूर्ण रूप से जारी है। देर शाम को बाबा की महाआरती होगी। इसके बाद मेले का समापन किया जाएगा। विशिनिगिर बाबा मंदिर ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारी राधेलाल ने बताया कि वैसे तो यह मेला तीन दिवसीय है। सप्तमी को मेले का विधिवत उद्घाटन हुआ था लेकिन आज मंगलवार को भादो मास कृष्ण पक्ष नवमी पर बाबा की विशेष जात लगी है। जिसमें दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं द्वारा मनौती पूरी होने पर बाबा के दर्शन किए जा रहे हैं और प्रसादी चढ़ाई जा रही है। आज शाम महाआरती के बाद मेले का समापन किया जाएगा। 3 दिन में मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

**तहसीलदार और प्रशासनिक अधिकारी भी मेले में रहे मौजूद :** उपखंड के लक्खी मेले में तीन



दिन तक जहां सदर और अन्य थानों का पुलिस जाप्ता महिला पुलिसकर्मियों के साथ मन्दिर परिसर और जगह-जगह तैनात रहा। वही वाहनों की पार्किंग को लेकर भी विशेष व्यवस्था की गई। प्रशासनिक अधिकारी एवं तहसीलदार के साथ राजस्व विभाग की टीम मेले का निरीक्षण करती रही। तहसीलदार मोहम्मद हनीफ खां ने बताया कि मेले में एसडीएम राधेश्याम मीणा भी मौजूद रहे। वही राजस्व टीम के 10 पटवारी और चार गिरदावर मेले में तैनात रहे। जिससे किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हो और मेला शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो जाए।

# मेरा दिल तुझपे कुर्बान, मुरलिया वाले रे....

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के मौके पर शहर के रियासत कॉलिंग राधा बिहारी एवं तीर्थराज मचकुंड सरोवर स्थित लाडली जगमोहन मंदिर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में कलाकारों ने भगवान श्री कृष्ण एवं राधा रानी सहित अन्य पौराणिक प्रसंगों पर भजनों की मनोहारी प्रस्तुति दी। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की बेला तक चले कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। शहर के रियासत कालीन राजा बिहारी मंदिर पर संध्याकालीन आरती के बाद भजन संध्या का आगाज हुआ भजन संध्या में भागवत कथा वाचक नीरज शास्त्री एवं लोक कलाकार आनंद मिश्रा ने मेरा दिल



तुझ पर कुर्बान,मुरलिया वाले रे..., राधे राधे जपो, चले आएंगे बिहारी... तथा राधे-राधे बोल,तेरा क्या लागे मोल... जैसे भजनों की मनोहारी प्रस्तुति दी। वहीं,मचकुंड सरोवर स्थित लालडी जगमोहन मंदिर पर ग्वालियर की प्रख्यात भजन गायिका किशोरी राधे तथा प्रसिद्ध लोक कलाकार सुरेंद्र सिंह राजावत ने कृष्ण भजनों रात श्याम सपने में आए..., सपनों में श्याम मेरा आया..., मुझे वृंदावन बुलाया.... और सांवली सूरत पे मोहन... जैसे भजन गाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

### युवक विकास प्रजापत की मृत्यु का मामला

# न्यायालय ने मांगी पुलिस से अग्रिम अनुसंधान रिपोर्ट, पीड़ित परिवार को बंधी न्याय की उम्मीद

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास निवासी युवक विकास प्रजापत की मृत्यु के मामले में न्यायालय ने थाना पुलिस से कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अग्रिम अनुसंधान रिपोर्ट मांगी है। मामले की पैरवी कर रहे राजस्थान हाईकोर्ट के अधिवक्ता मनीष मालवाल ने बताया कि कोटपूतली के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम एक में पीड़ित परिवार की ओर से प्रोटेस्ट पीटीशन लगाई गई थी। जिसे एसीजेएम सरिता यादव ने स्वीकार कर कोटपूतली थाना पुलिस को पीड़ित पक्ष की ओर से उठाये गए बिंदुओं पर अग्रिम अनुसंधान कर रिपोर्ट न्यायालय में पेश करने को कहा है। न्यायालय के इस निर्णय से पीड़ित परिवार को अब न्याय की उम्मीद बंधी है। उल्लेखनीय है कि कोटपूतली थाना पुलिस ने हत्या की धाराओं में दर्ज इस मामले में अनुसंधान कर इसे दुर्घटना बताते हुए एफआर लगा दी थी।



**क्या है मामला :** कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास निवासी युवक विकास प्रजापत पुत्र प्रकाश चंद विगत 04 नवम्बर 2022 की शाम अपने दोस्तों के साथ किसी कार्यक्रम में जाने की बात कह कर घर से निकला था। लेकिन अगले ही दिन उसकी डेड बॉडी परिजनों को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल की मोर्चरी से प्राप्त हुई थी। मृतक विकास की छाती व पैरों पर रस्सी से बांधे जाने व चोट के निशान थे। जिस पर परिजनों ने थाने में विकास के दोस्तों पर उसकी हत्या कर देने का नामजद मामला दर्ज करवाया था।

### पुलिस की जांच पर आज भी उठ रहे सवाल

भले ही कोटपूतली थाना पुलिस ने युवक विकास प्रजापत की मृत्यु को दुर्घटना बताकर एफआर लगा दी हो। लेकिन विकास प्रजापत की मृत्यु के ठीक बाद हत्या की धाराओं में नामजद मामला दर्ज होने के बावजूद घटना स्थल को सीज क्यों नहीं किया गया। सबूतों को जान बूझकर नष्ट क्यों होने दिया गया। यह सवाल विकास प्रजापत की मृत्यु के मामले में अनुसंधान कर रही पुलिस टीम पर आज भी उठ रहे हैं। बहरहाल अब न्यायालय ने मामले में प्रोटेस्ट पीटीशन स्वीकार कर व पुलिस को अग्रिम अनुसंधान के आदेश देकर पीड़ित परिवार को न्याय की उम्मीद बंधा दी है। मामले की पैरवी राजस्थान हाईकोर्ट के अधिवक्ता मनीष मालवाल व उनकी टीम कर रही है।

# सम्भाग भर में थमे रहे प्रदेश व्यापी आह्वान पर निजी बसों के पहिए

## दुर्गम मार्गों के यात्री हुए परेशान, सरकार ने वार्ता में दिया 24 में से 15 मांगें मानने का आश्वासन

- यूनियन ने कहा, सात दिन में आदेश जारी नहीं हुए तो अनिश्चितकाल के लिए थम जाएंगे बसों के चक्के
- बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन राजस्थान तथा बस मालिक संघ की हड़ताल का दिखा सम्भाग भर में असर

बढ़ता राजस्थान





**कोटा (का.स.)।** बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन राजस्थान तथा बस मालिक संघ की ओर से मंगलवार को 24 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश स्तरीय आव्हान के तहत चक्काजाम किया। इस दौरान कोटा में 750 बसों समेत प्रदेश में 30 हजार निजी बसों संचालन प्रभावित हुआ। इससे सरकार को भी डीजल से मिलने वाले करोड़ों के रेवेन्यू का नुकसान हुआ। वहीं दुर्गम रास्तों पर जाने वाले यात्रियों को हो आवागमन में परेशानी हुई।

संभागीय अध्यक्ष नौशीन खान ने बताया कि मांगपत्र को लेकर बुलाए जाने पर आज जयपुर में परिवहन आयुक्त मनीषा अरोड़ा के साथ वार्ता हुई है। जिसमें बस ऑपरेटर्स की 24 में से 15 मांगों पर सहमति बनी है। जिनको लेकर आगामी कार्यदिवस में आदेश जारी किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि सात दिवस में आदेश जारी किए जाने का आश्वासन दिया है। यदि सात दिवस में आदेश जारी नही किया जाता है तो पूरे राजस्थान की यूनीयन से वार्ता करके आगे अनिश्चित काल के लिए चक्काजाम किए जाने घोषणा की जाएगी। इससे पहले सम्भाग भर में निजी बसों के पहिए थमे रहे इस कारण से यात्री बस स्टैंड पर बसों की तलाश करते रहे और जानकारी लेते रहे। बसों का संचालन नहीं होने के कारण कई यात्रियों को अपनी यात्रा टालनी पड़ी। वहीं निजी साधनों से भी यात्रा करनी पड़ी है। खान ने बताया कि बस ऑपरेटरों की ओर से ऑनलाइन अस्थाई परमिट के साथ-साथ ऑफलाइन परमिट चालू रखने, बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में दो माह का टैक्स माफ करने की मांग की गई है। निजी बसों का किराया 2014 में तय किया गया था। इसके बाद कई बार टैक्स, डीजल, बीमा, टोल, पार्ट्स और बसों की कीमत बढ़ चुकी है। इसके बावजूद भी अन्य राज्यों की अपेक्षा राजस्थान में किराया कम है।

खान ने कहा कि राष्ट्रीयकृत मार्ग पर निजी बसों को ओवरलेप की सीमा 25 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से लोक परिवहन सेवा के परमिट जारी करने, रोडवेज के मार्ग पर निजी बसों को 60/40 के हिसाब से परमिट देने, महिला एवं सीनियर सिटीजन को 50 प्रतिशत किराए में दी जाने वाली छूट को निजी बसों में भी लागू करने और सब्सिडी को टैक्स में समायोजित करने, अस्थाई ट्रांसपोर्ट परमिट की अवधि 24 घंटे रखने, रोडवेज को भी समय सारणी परिवहन विभाग से निजी बस ऑपरेटर की सहमति से जारी करने, परिवहन व्यवसाय को उद्योग का दर्जा देने तथा लोक परिवहन सेवा के बकाया परमिट जारी करने की मांग की गई है।

उन्होंने बताया कि 24 सूत्रीय मांगपत्र के तहत जो राजस्थान परमिट पर टूरिस्ट में चलने वाली बसों को टैक्स यूपी, बिहार, एमपी की भांति 200 रुपए पर सीट प्रति माह करने, वाहन बदलने पर सीटिंग कैपेसिटी की शर्त को 5 से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने, एनसीआर क्षेत्र में सीएनजी या बीएस6 का इंजन लगाने पर एनसीआर क्षेत्र संचालन की परमिशन 10 वर्ष तक बढ़ाने, लोक परिवहन सेवा, ग्रामीण सेवा, सिटी परमिट की बसों की टीपी की संख्या बढ़ाने, दो संभागों को जोड़कर परमिट जारी करने, राजस्थान परमिट से राष्ट्रीयकृत मार्ग पर संचालित नहीं करने की शर्त हटाने संबंधित विभिन्न मांगें की गई है।

**रोडवेज बस नहीं चलाए तो परमिट निजी बसों को दिया जाए :** संभागीय अध्यक्ष खान ने बताया कि रोडवेज के पास मात्र 2600 बसें हैं और 8000 परमिट ले रखे हैं। जिसके कारण कई राष्ट्रीय कृत मार्ग पर आम नागरिकों को यातायात का साधन उपलब्ध नहीं हो रहा है। इसलिए जिस मार्ग पर रोडवेज परमिट लेकर बैठी है। बस नहीं चल रही है तो उसे परमिट को जमा करवाकर निजी बस ऑपरेटर को दिया जाना चाहिए। जिससे आम नागरिकों को यातायात का साधन उपलब्ध हो सके और सरकार को रेवेन्यू प्राप्त हो सके।

# पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर आलोक रंजन को अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायतों, शहरी निकायों तथा जिला स्तर से अनुशंसित प्रकरणों को जिला क्रियान्वयन समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। साथ ही, योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों का निस्तारण एवं जिले में पीएम कौशल केंद्र के संचालन के संबंध में चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने पारंपरिक कार्यों से जुड़े 18 ट्रेड्स जैसे सुथार, लोहार, नाई, दर्जी, सुनार, मोची, धोबी, राजमिस्त्री, मूर्तिकार, मालाकार आदि से जुड़े कारीगरों को अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के अंतर्गत गैर पात्र आवेदकों का विभाग की अन्य योजनाओं के माध्यम से स्किल डेवलपमेंट करने के निर्देश दिए। साथ ही, जिला कलक्टर ने गुरु-शिष्य परंपरा के माध्यम से आवेदकों का सत्यापन करने के निर्देश दिए। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक राहुल देव ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के 18 ट्रेड्स में से दर्जी और राजमिस्त्री ट्रेडस के आवेदन आनुपातिक रूप से अत्याधिक प्राप्त हुए हैं। चित्तौड़गढ़ जिले में 60% आवेदन दर्जी व 15% आवेदन राजमिस्त्री ट्रेड्स में प्राप्त हुए हैं। उक्तानुसार दर्जी और राजमिस्त्री ट्रेड के आवेदन पत्रों का भौतिक सत्यापन ग्राम पंचायत स्तर पर सम्बन्धित सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी एवं राजीविका की समिति के संयुक्त निरीक्षण द्वारा तथा शहरी क्षेत्रों के लिये आयुक्त या अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका स्वच्छता निरीक्षक के द्वारा संयुक्त रूप से करवाया जाएगा।

बैठक में जिला कलक्टर ने लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में वर्तमान में जिले में संचालित ट्रेनिंग सेंटर पीएम कौशल केंद्र पर चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने संपूर्ण जिले में आईटीआई के माध्यम से नवीन कौशल केंद्र ट्रेनिंग सेंटर के रूप में शीघ्र स्थापित करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिला क्रियान्वयन समिति के डोमेन एक्सपर्ट व सदस्य श्री मिट्ठू लाल जाट, श्री गोटू लाल सुथार, अग्रणी जिला प्रबंधक सहीत जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र चित्तौड़गढ़ के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कोचिंग स्टूडेंट व अभिभावकों की मोटिवेशन प्रेरणा सभा 10 सितम्बर को

# कोचिंग स्टूडेंटों को संकल्प के माध्यम से करेंगे मोटिवेट

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** आम जन में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए जैनाचार्य श्री विजयराज जी महाराज साहब कि प्रेरणा से श्री शांत क्रांति जैन श्रावक संघ ने समस्त मानव जाति के लिए एक अभियान शुरू किया था जिसे लगभग दो साल पूर्ण हो रहे हैं। इस अभियान में शामिल सभी लोगों को संकल्पित करते हैं कि किसी भी कठिन व विपरीत परिस्थितियों में हम हमारे आत्मविश्वास को, मनोबल को मजबूत रखेंगे व समस्याओं से संघर्ष करके आगे और आगे बढ़ने कि प्रेरणा देते हैं। राजू भूरट राष्ट्रीय अध्यक्ष शांत क्रांति जैन श्रावक संघ, हेमंत कोठारी पूर्व अध्यक्ष भीलवाड़ा ने बताया कि महाराज श्री की प्रेरणा से कोटा में भी लाखों बच्चों को मोटिवेट किया जाएगा, इसके लिए श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी शांत-क्रांति जैन श्रावक संघ द्वारा एक मोटिवेशन प्रेरणासभा और व्याख्यान का आयोजन 10 सितम्बर को कोटा में होने जा रहा है, जिसमें हजारों बच्चे और उनके अभिभावकों को जीवन का महत्व, उनमें आत्मविश्वास की वृद्धि, नकारात्मकता को समाप्त करना, सकारात्मक उर्जा का संचार करने का पूरा प्रयास किया जाएगा, जिसमें कई बुद्धिजीवियों का मार्गदर्शन मिलेगा।

**यदि कोई अवसाद में आ जाए तो यह संकल्प पत्र सही रास्ता दिखाता है :** बछराज लूणावत राष्ट्रीय संयोजक ने बताया कि आचार्य श्री विजय राज जी के संदेश के साथ में उपलब्ध संकल्प पत्र में जैनाचार्य श्री ने पांच बिन्दुओं के साथ मार्गदर्शन सुझाया है, वह एकदम सरल एवं सुगम है। यदि कोई व्यक्ति किसी कारण से अवसाद में आ जाए तो यह संकल्प पत्र सही रास्ता दिखा देता है। आपसी संवाद का परिणाम हमेशा सुखद रहता है। अब तक संकल्प समिति ने देशभर में लाखों लोगों को संकल्पित किया है। अनेक शहरों में रेलियां व सभा एवं अनेक तरीके से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को संकल्पित किया जा रहा है। कई संसाधनों के माध्यम से आत्मविश्वास बढ़ाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। एसएफयू संकल्प समीति सरिता जी जैन कोटा प्रभारी ने कहा कि कोटा हमारे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश विदेश में भी शिक्षा कि काशी के नाम से विख्यात है। यहां समाज के सभी वर्गों के लोगों कि मेहनत, सहयोग, समर्थन, समर्पण भाव के कारण दूर दराज बैठे माता पिता बच्चों को भविष्य के लिए कोटा भेजते हैं। यहां सबसे सुखद बात है कि पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन एवं मीडिया भी अपने दायित्व को समझ कर निर्वहन करते हैं।

# भीलवाड़ा में गाय की पूंछ काटने की घटना के बाद उग्र प्रदर्शन पुलिस पर पथराव और शहर बंद करने के आरोप में एफआईआर दर्ज

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (नि.स.)।** गाय की पूंछ काटकर मंदिर के द्वार पर रखने के बाद शहर में उपजे बवाल के दूसरे दिन जन्माष्टमी पर सडकों पर उतरे हुड़दंगियों द्वारा जमकर उत्पात मचाया गया। साधु संत और सांसद की प्रशासन से वार्ता होने के बावजूद जबरन शहर बंद करने और पुलिस पर पथराव व राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने को लेकर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। एसपी राजन दुष्यंत ने बताया की बडला चौराहा से भवानी नगर के बीच वीर हनुमान मंदिर के प्रवेश द्वार पर रविवार को गाय की कटी हुई पूंछ और आस-पास ही जख्मी हालत में लहूलुहान गाय भी मिली थी, जिसकी पूंछ कटी थी। इस घटना को लेकर माहौल गरमा गया था। इस घटना से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा था। इसी घटना को लेकर दोषियों की गिरफ्तारी आदि मांगों को लेकर भीड़ ने परशुराम सर्किल, कलेक्ट्रेट के सामने गली में पुलिस पर पथराव किया, जिसमें आरएसी के जवान व पुलिसकर्मी चोटिल हो गये थे। इसके अलावा कलेक्ट्रेट के सामने टेंट लगाकर सडक़ बंद करने के साथ ही राजकार्य में बाधा उत्पन्न की। इसके चलते कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर भंवर लाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने उपद्रवियों के खिलाफ पुलिस पर पथराव, राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने व सडक़ बाधित करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया। इस मामले में पुलिस ने दो दर्जन से ज्यादा लोगों को नामजद किया है। बता दें कि कोतवाली पुलिस ने इस घटनाक्रम के दौरान ही 24 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# निराश्रित गौवंश को सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए लगाए हेल्पर



बढ़ता राजस्थान

**बून्दी, (नि.स.)।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग के इन्जीनियर गोविंद एवं संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ रामलाल मीणा ने 22 अगस्त गुरुवार को जिला कलक्टर को ग्राम बल्लोप से देवली हाईवे तक एनएच-52 में हो रहे गौवंश के दुर्घटनाग्रस्त के संदर्भ में अवगत कराया ।

संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. आर.एल. मीणा ने बताया कि इस दौरान जिला कलक्टर के दिशानिर्देश पर बल्लोप, खेरोली, लाम्बा पीपल, तालेड़ा, बरून्धन चैराहा, गुमानपुरा, नमाना रोड़, रामगंज बालाजी, रेल्वे स्टेशन, चित्तौड़ रोड़ चैराहा, बून्दी टनल तक गौवंश हेल्पर एवं बून्दी टनल से तलाबगांव, सथूर, बड़ानयागांव, चतरगंज, हिण्डोली, हरना मोतीपुरा चैराहा, पेच की बावड़ी, इटून्दा रोड़ चैराहा, देवा खेड़ा, बासनी क्षेत्रों में निराश्रित गौवंश को सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए हेल्पर लगाए गए हैं। उन्होने बताया कि निराश्रित गौवंशों को रोड़ पर नहीं बैठने तथा गौवंश हेल्पर समय-समय पर निराश्रित गौवंश को उठाकर लिंक रोड़ कर तरफ भेजने के लिए निर्देशित किया।

जिससे निराश्रित गौवंश को दुर्घटना से बचाया जा सके। निराश्रित गौवंश का रोड़ पर दुर्घटना होने पर हाईवे की पैट्रोलिंग के द्वारा सूचना देने पर नजदीकी पशु चिकित्सा उपकेन्द्र/पशु चिकित्सालय के द्वारा चिकित्सा करने के उपरान्त नजदीकी गौशाला में शिफ्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।

# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का मामला आया सामने, केस दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जिले के इटावा थाना क्षेत्र में एक 13 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात का मामला सामने आया है। जिसके बाद इटावा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

इटावा सीआई मांगेलाल यादव के अनुसार पीड़िता ने परिजनों के साथ इटावा थाने पहुंचकर चार युवकों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया है। इटावा थाना अधिकारी मांगे लाल यादव के अनुसार इटावा थाना क्षेत्र के एक गांव की 13 वर्षीय किशोरी ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर चार युवकों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज करवाया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि इन युवकों ने जबरन घर में घुसकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात की. पीड़िता के साथ हुए इस घटना की जांच इटावा डीएसपी शिवम जोशी कर रहे हैं। डीएसपी शिवम जोशी के अनुसार इटावा थाने पर एक13 वर्षीय किशोरी ने अपने परिजनों के साथ पहुंचकर सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया है पीड़िता का मेडिकल करवाकर मामले की जांच की जा रही है।

# वाल्मीकि समाज की धन्यवाद रैली आज

## वाल्मीकि समाज और कई संस्थाओं के हजारों लोग रहेंगे मौजूद

## राजस्थान में भी कोटे का वर्गीकरण करने की होगी मांग

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** आरक्षण उप वर्गीकरण की मांग को लेकर कोटा में बुधवार को वाल्मीकि समाज द्वारा विशाल धन्यवाद रैली निकाली जाएगी। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया जाएगा और एक ज्ञापन जिला कलक्टर को मुख्यमंत्री के नाम दिया जाएगा जिसमें कोटे में से कोटा राजस्थान में लागू करने की मांग की जाएगी।

आरक्षण उप वर्गीकरण समिति कोटा के सदस्य राकेश सफैला ने मंगलवार को प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि बुधवार 28 अगस्त 2024 को विशाल रैली के माध्यम से माननीय सुप्रीम कोर्ट का आभार व्यक्त किया जाएगा जिसमें हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहेंगे। सफैला ने बताया कि इस रैली में कोटा संभाग के करीब पांच हजार से भी अधिक लोग, महिला पुरूष, युवा शामिल होंगे। नियमानुसार, संविधान संगत इस रैली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन होगा और हक के लिए आरक्षण उप वर्गीकरण की मांग को लेकर पुरजोर आवाजा उठाई जाएगी। कुछ लोगों द्वारा भ्रमित किया जा रहा है, लेकिन इस बार वाल्मीकि समाज, जो की काफी पिछडा हुआ है वह अपने हक के लिए, आने वाली पीढी के लिए, वंचितों के लिए संघर्ष किया जाएगा। राकेश सफेला ने बताया कि 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट आने के बाद लोग गुमराह करने का प्रयास कर रहे है। कुछ लोग यह बोलकर दिग्भर्मित कर रहे है कि यह निर्णय एससी एसटी के आरक्षण को खत्म करने तथा क्रिमीलेयर लागू करने का है, जो कि निरर्थक बात है। जजमेंट में क्रिमिलियेर को लेकर कोई उल्लेख नहीं है साथ ही आरक्षण को लेकर भी कोई छेड़खानी नही है।

# सेवा भारती कोटा महानगर के विश्वकर्मा नगर ने मनाया जन्माष्टमी पर्व

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** सेवा भारती कोटा महानगर के विश्व कर्मा नगर के चैनपुरा गांव में जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। मोहन मुरारी सोनी, चित्तौड़ प्रांत कोषाध्यक्ष एवं सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, कोटा महानगर चिकित्सा आयाम प्रमुख ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बच्चों ने दीप मंत्र का गायन किया। दीप मंत्र के पश्चात मोहन मुरारी सोनी ने उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया। परिचय के पश्चात प्रकल्प शिक्षिका ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित भजनों पर बच्चों ने नृत्य किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। सुरेंद्र अग्रवाल ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन के बारे में बताया तथा बच्चों से कहा कि उनके जीवन से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं। मोहन मुरारी सोनी ने श्री कृष्ण के जन्म से लेकर के बाल्यकाल तक के जीवन के बारे में बताया, जिसे बच्चों ने ध्यान पूर्वक सुना। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निलेश जैन मावा वाले भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के चौथमल मेघवाल ने की, उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कृष्ण बनो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें वंशिका प्रथम, शिवानी द्वितीय और अविनाश तृतीय रहे। अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# चंपाई सोरेन 30 अगस्त को बीजेपी में शामिल होंगे

## दिल्ली जाकर अमित शाह से मिले; हेमंत सोरेन कैबिनेट से कल इस्तीफा दे सकते हैं

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन 30 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे। असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने सोमवार रात सोशल मीडिया ट्वीटर पर लिखा- चंपाई सोरेन ने कुछ देर पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। वे रांची में आधिकारिक रूप से भाजपा में शामिल होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक दिल्ली में 25 अगस्त को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद चंपाई को जेड प्लस सुरक्षा दे दी गई है। झारखंड पहुंचने के बाद वे इसी सुरक्षा घेरे में रहेंगे। चंपाई कल यानी 28 अगस्त को झारखंड कैबिनेट से इस्तीफा दे सकते हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के बड़े आदिवासी नेता चंपाई करीब 5 महीने तक झारखंड से मुख्यमंत्री रहे। मौजूदा सीएम हेमंत सोरेन जब जमीना घोटाला केस में जेल गए तो उन्होंने ही चंपाई को जिम्मेदारी दी थी। उनके जेल से बाहर आने के बाद जुलाई में चंपाई पद से इस्तीफा दे दिया था। 31 जनवरी को सीएम पद संभालने वाले चंपाई ने 3 जुलाई को इस्तीफा दिया था। अगस्त में चंपाई ने एक चिट्ठी के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा लिए जाने के तरीके को आत्मसम्मान पर चोट बताया था।

# जम्मू-कश्मीर में भाजपा की तीसरी लिस्ट में 29 नाम : पहले वाली लिस्ट वापस ली, उसके 28 प्रत्याशी रिपीट; वैष्णो देवी सीट से कैंडिडेट बदला

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने मंगलवार को 29 कैंडिडेट्स की तीसरी लिस्ट जारी की है। इसमें सेकेंड फेज के 10 और थर्ड फेज के 19 उम्मीदवारों के नाम हैं। पार्टी ने 26 अगस्त को 5 घंटे में 3 लिस्ट जारी की थीं। सुबह 10 बजे जारी लिस्ट में 44 नाम थे, विरोध हुआ तो लिस्ट वापस ले ली। इसके दो घंटे बाद 15 नाम की नई लिस्ट जारी की। तीन घंटे बाद सिंगल नाम की एक और सूची आई। जारी तीसरी लिस्ट में पार्टी ने एक दिन पहले के 28 नाम रिपीट किए हैं। सिर्फ श्रीमाता वैष्णो देवी सीट से पार्टी ने रोहित दुबे की जगह बलदेव राज शर्मा को टिकट दिया है। जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों के लिए 18 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच 3 चरणों में मतदान होंगे। नतीजे 4 अक्टूबर 2024 को आएंगे। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 46 है।

# हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जेजेपी-एएसपी का गठबंधन

## दुष्यंत चौटाला का ऐलान; 70 पर जजपा, 20 पर आजाद समाज पार्टी उतारेगी उम्मीदवार

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़।** हरियाणा में जननायक जनता पार्टी और आजाद समाज पार्टी विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगी। मंगलवार को दिल्ली में पूर्व डिप्टी CM दुष्यंत चौटाला ने इसका ऐलान किया। इस दौरान उनके साथ स्क्रपार्टी के फाउंडर और भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर आजाद भी मौजूद रहे। चौटाला ने बताया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में जजपा 70 सीटों पर और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) 20 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हम दोनों साथ मिलकर हरियाणा की 36 बिरादरी को लेकर चलेंगे। जब चौधरी देवीलाल देश के उपप्रधानमंत्री बने थे तब उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर का स्टैच्यू लगाने का प्रयास किया। चौधरी देवीलाल ने हमेशा से ही हरियाणा में एससी वर्ग के लोगों को आगे ले जाने का काम किया। हरियाणा में उन्होंने एससी चौपालें बनवाईं। हम मिलकर कैसे किसान कमेरों (कामगार) को ताकत दें, इसकी लड़ाई लड़ेंगे। चंद्र शेखर आजाद ने कहा कि मुद्दे साफ हैं। जिसमें युवाओं के लिए रोजगार, गरीबों को महंगाई से राहत, सामाजिक न्याय और निजीकरण खत्म करना, प्रमोशन में आरक्षण, एमएसपी, बेहतर कानून व्यवस्था शामिल है। हमें उम्मीद है कि हमारा गठबंधन सभी 90 सीटें जीतेगा।

# महाराष्ट्र के रत्नागिरी में नर्सिंग स्टूडेंट से रेप : ऑटो ड्राइवर ने पानी में नशीला पदार्थ मिलाया, पीड़ित बोली- होश आया तो कपड़े फटे थे

बढ़ता राजस्थान

**रत्नागिरी।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस के बाद महाराष्ट्र के रत्नागिरी में नर्सिंग कॉलेज की स्टूडेंट से रेप का केस सामने आया है। यहां एक ऑटो ड्राइवर ने नशीला पदार्थ मिलाकर पीड़ित को बेहोश किया और जंगल में ले जाकर उसके साथ रेप किया। घटना सोमवार (26 अगस्त) की है। पीड़ित की उम्र 19 साल है। उसने होश आने के बाद अपनी बहन को फोन कर घटना के बारे में बताया। घटना का पता चलते ही रत्नागिरी में लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। एसपी जयश्री गायकवाड़ ने अस्पताल में पीड़ित से घटना के बारे में जानकारी ली और केस दर्ज कराया। ऑटो ड्राइवर की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज जांचे जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऑटो का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

### पीड़ित बोली- ऑटो ड्राइवर ने पीने के लिए पानी दिया था

नर्सिंग स्टूडेंट ने बताया, रविवार (25 अगस्त) को छुट्टी थी। मैं अपने घर देवरुख चली गई। हमेशा की तरह सोमवार (26 अगस्त) सुबह छह बजे की बस से देवरुख से रत्नागिरी पहुंची। सुबह करीब सात बजे वह रत्नागिरी के साल्वी स्टॉप पर उतरी।

कॉलेज जाने के लिए ऑटो रिक्शा लिया। रास्ते में ऑटो ड्राइवर ने पानी दिया, जिसे पीने के बाद मैं बेहोश हो गई। होश में आई तो देखा कि जंगल में मेरा सारा सामान बिखरा हुआ है।

# जेडीए में फैले भ्रष्टाचार के नेटवर्क को तोड़ने की तैयारी में एसीबी

## पांच आरोपितो को किया कोर्ट में पेश, भेजा जेल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जेडीए में भ्रष्टाचार का नेटवर्क गहरे जड़े जमा चुका है। जोन-9 में कार्रवाई कर सात अधिकारियों को पकड़ने के बाद अब भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) जेडीए में फैले भ्रष्टाचार के नेटवर्क पर कड़ा प्रहार करने की तैयारी में जुट गया है। रिश्वतखोरी का यह नेटवर्क ऊपरी स्तर के अधिकारियों तक फैला हुआ है। वहीं सरकार को भी जेडीए में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए ठोस नीति बनानी होगी। जिसकी यहां पर हमेशा से ही कमी देखने को मिली है।

वहीं एसीबी ने तहसीलदार लक्ष्मीकांत, जेईएन खेमराज, पटवारी श्रीराम, गिरदावर रविकांत और दलाल महेश मीणा को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। दोनों महिलाओं को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

### घूसखोरों के मोबाइल खंगालेगी एफएसएल

जेडीए ऑफिस के घूसखोर तहसीलदार, जेईएन, पटवारी समेत छह अधिकारियों और एक दलाल के जब्त मोबाइल की एसीबी फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) से जांच करवाएगी। एसीबी ने कुल आठ फोन सीज किए गए हैं। ताकि भ्रष्टाचार में शामिल अन्य अधिकारियों और दलालों तक पहुंचा जा सके। इस मामले में एसीबी ने फाइलें, सेक्टर इंचार्ज का लैपटॉप और डाक पैड भी कब्जे में लिए थे। एसीबी खाली जमीनों के फर्जी पट्टे जारी करने के मामले में जेडीए अधिकारियों की लिप्तता की भी जांच कर रही है। फर्जी पट्टे बनाने से लेकर रिकॉर्ड में चढ़ाने का काम धड़ल्ले से चल रहा है। इसके बाद पट्टा धारक जेडीए और कोर्ट के चक्कर काटता रहता है। इन अधिकारियों और जोन की जानकारी एसीबी ने निकाल ली है। एसीबी इस तरह के जमीन के पट्टों को जारी करने वाले जिम्मेदारों से पूछताछ करेगी।जेडीए से संबंधित तमाम शिकायतें लेकर लोग ऑफिस में आ रहे हैं। उनसे भी पूरा विवरण लिया जा रहा है, ताकि जांच में शामिल किया जा सके। जेडीए में दलाली का काम करने वाले कुछ लोग एसीबी की कार्रवाई के बाद अंडरग्राउंड हो चुके हैं। दलाल से मिली जानकारी के बाद एसीबी पट्टा मालिकों से सम्पर्क में जुट गई है। इससे यह तय हो जाएगा की किस तरह से जेडीए के अधिकारी दलाल के माध्यम से रिश्वत का खेल खेला करते थे।

गौरतलब है कि लैंड (भूमि) कंवर्जन के काम को लेकर एक पीड़ित से सितंबर 2023 से रुपए की मांग की जा रही थी। पीड़ित ने जोन नंबर-9 के तहसीलदार, जेईएन, पटवारी, गिरदावर से कई बार मुलाकात कर काम करने की गुजारिश की थी। इसके बाद भी रुपए की मांग कर उसे लगातार परेशान किया जा रहा था। इस दौरान पटवारी विमला मीणा के पति महेश (दलाल) ने काम कराने के लिए 12 से 13 लाख रुपए की डिमांड रखी थी। कई बार बात करने के बाद 1.50 लाख रुपए में डील तय हुई थी। 23 अगस्त को जेडीए ऑफिस (जोन-9) में कार्रवाई की थी। मौके से तहसीलदार लक्ष्मीकांत गुप्ता, जेईएन खेमराज मीणा, पटवारी रविकांत शर्मा, पटवारी विमला मीणा, गिरदावर रुक्मणी (पटवारी का चार्ज), गिरदावर श्रीराम शर्मा और दलाल महेश मीणा को 1.50 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था। महेश शर्मा (दलाल), पटवारी विमला मीणा का पति है। एसीबी को सभी कर्मचारियों और दलाल के घर से कोई बड़ी राशि,जमीनों के दस्तावेज या फिर बैंक अकाउंट की जानकारी नहीं मिली थी।



### अन्य लोग भी शिकायत लेकर पहुंचे

एसीबी से मिली जानकारी अनुसार, इस बड़े एक्शन के बाद 12 से ज्यादा लोग एसीबी मुख्यालय पहुंचकर अलग-अलग जोन के अधिकारियों-दलालों की शिकायत कर चुके हैं। इसमें अधिकांश शिकायत जेडीए के अधिकारियों की हैं। शिकायतकर्ताओं ने एसीबी को इनकी रिकॉर्डिंग भी दी है। एसीबी के अधिकारियों ने पीड़ितों को सुनकर एक टीम को जांच करने के लिए लगा दिया है। उधर, जेडीए कार्यालय में हेल्प डेस्क बनी हुई है। यहां आने वाले शिकायतकर्ताओं को हेल्प डेस्क से संपर्क करने को भी कह दिया जाता है। ताकि विभागीय स्तर पर समस्या का समाधान भी कराया जा सके।

कोलकाता रेप-मर्डर केस

# प्रोटेस्ट मार्च में स्टूडेंट्स पर लाठीचार्ज, कई जखमी

## पुलिस बोली- रैली गैरकानूनी; छात्रों पर कार्रवाई के खिलाफ भाजपा का आज बंगाल बंद

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता ( एजेंसी )।** ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग को लेकर मंगलवार, 27 अगस्त को बड़ी संख्या में छात्रों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया।

छात्रों ने इसे नबन्ना अभियान नाम दिया। इसे रोकने के लिए सरकार ने 6000 पुलिस जवान तैनात किए गए। हावड़ा ब्रिज को सील कर दिया गया है। रैली दोपहर करीब 12.45 बजे शुरू हुई, लेकिन नबन्ना तक नहीं पहुंच सकी। इसकी वजह पुलिस की बैरिकेटिंग रही। कई रास्तों को बंद किया। ड्रोन से निगरानी की गई।

छात्रों ने हावड़ा से लगे संतरागाछी में बैरिकेडिंग तोड़ दी। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और वाटर कैनन चलाई। पुलिस की कार्रवाई में कई प्रदर्शनकारी जख्मी हुए। कई छात्रों को हिरासत में लिया गया। नबन्ना, पश्चिम बंगाल सरकार का अस्थाई सचिवालय है, जहां मुख्यमंत्री, मंत्री और अफसर बैठते हैं। राइटर्स बिल्डिंग स्थित सचिवालय का रेनोवेशन चल रहा है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8 अगस्त की रात को ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह डॉक्टर की बॉडी मिली। इसके बाद देशभर के डॉक्टर सड़क पर उतर आए थे। सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद कई अस्पतालों के डॉक्टरों ने हड़ताल कैंसिल कर दी। हालांकि प्रदर्शन का दौर जारी है।



### नड्डा बोले- बंगाल में महिला सुरक्षा के लिए बोलना अपराध

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कोलकाता से पुलिस की मनमानी की तस्वीरों ने लोकतांत्रिक सिद्धांतों को महत्व देने वाले हर व्यक्ति को नाराज किया है। दीदी के पश्चिम बंगाल में दुष्कर्मियों और अपराधियों की मदद करना सही है, लेकिन महिला सुरक्षा के लिए बोलना अपराध है।

### अधीर रंजन बोले- प्रदर्शनकारियों के लिए इतने अरेंजमेंट्स क्यों किए गए

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने मुर्शिदाबाद में कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए सरकार ने इतने अरेंजमेंट्स क्यों किए हैं? कई जगहों पर बैरिकेडिंग की गई है। विपक्ष और सत्ताधारी दल को आपस में बैठकर बात करनी चाहिए कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण हो।

### प्रदर्शन की 5 बड़ी बातें

1. प्रदर्शनकारी नबन्ना अभियान के तहत कॉलेज चौराहे से नबन्ना तक जाना चाहते थे।
2. कोलकाता के हावड़ा ब्रिज, हेस्टिंग्स और नबन्ना प्रदर्शन के सेंटर रहे।
3. छात्रों को हिरासत में लेने के खिलाफ भाजपा ने कल 12 घंटे का बंगाल बंद बुलाया है। इस पर ममता सरकार ने कहा कि कल बंद नहीं रहेगा। सरकारी कर्मचारी ऑफिस पहुंचे।
4. कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, विपक्ष और सतारूढ़ दल को एक साथ बैठकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से हो।

### हावड़ा ब्रिज के पास प्रदर्शन, पुलिस की वाटर कैनन, साधु तिरंगा दिखाते रहे

हावड़ा ब्रिज के पास प्रदर्शनकारियों ने जमकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रोटेस्टर्स को रोकने के लिए वाटर कैनन चलाई। पानी की बौछार के बीच एक साधु हाथ में तिरंगा लहराते दिखे।

### बंगाल भाजपा प्रमुख कोलकाता पुलिस हेडक्वार्टर के बाहर धरने पर बैठे

बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और पार्टी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक लिया। ये लोग कोलकाता पुलिस मुख्यालय जा रहे थे। मजूमदार की अगुआई में बीजेपी कार्यकर्ता कोलकाता पुलिस मुख्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए।

# तालिबान ने महिलाओं के खुले में बोलने पर रोक लगाई

## कहा-आवाज सुनकर पुरुषों का मन भटक सकता है; मर्दों को घुटनों तक शरीर ढंकना होगा

बढ़ता राजस्थान



**काबुल ( एजेंसी )।** अफगानिस्तान में तालिबान ने महिलाओं को लेकर नए कानून लागू कर दिए हैं। महिलाओं को सख्त हिदायत देते हुए उनके घर से बाहर बोलने पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही उन्हें सार्वजनिक जगहों पर हमेशा अपने शरीर और चेहरे को मोटे कपड़े से ढकने का आदेश दिया गया है। अंग्रेजी अखबार द गार्जियन के मुताबिक तालिबान ने इन कानूनों के पीछे की वजह देते हुए कहा है कि महिलाओं की आवाज से भी पुरुषों का मन भटक सकता है। इससे बचने के लिए महिलाओं को सार्वजनिक जगहों पर बोलने से पहरेज करना चाहिए। तालिबान के सुप्रीम लीडर मुल्ला हिबातुल्लाह अखुंदजादा ने नए कानूनों को मंजूरी दे दी है। इन कानूनों को हलाल और हराम की दो कैटेगरी में बांटा गया है। तालिबान के इस फैसले की संयुक्त राष्ट्र संघ ने कड़ी निंदा की है। साथ ही कई मानवाधिकार संगठनों ने भी इसे लेकर आपत्ति भी जताई है। तालिबान ने महिलाओं के घर में गाने और तेज आवाज में पढ़ने से भी मना किया है।

जिन महिलाओं या लड़कियों को नए कानूनों तोड़ने का दोषी पाया जाएगा, उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी। तालिबान ने इस बार महिलाओं के अलावा पुरुषों पर भी कुछ प्रतिबंध लगाए हैं। पुरुषों को भी घर से बाहर निकलते समय घुटनों तक अपने शरीर को ढंकना होगा। वहीं, तालिबान ने किसी भी जीवित शख्स की तस्वीर खींचने पर भी पाबंदी लगा दी है। 15 अगस्त 2021 को अफगानिस्तान की सत्ता दूसरी बार तालिबान के हाथ आई। उसी दिन से महिलाओं पर प्रतिबंध बढ़ गए थे।

सबसे पहले अलग-अलग सरकारी संस्थानों में काम कर रही महिलाओं से उनकी नौकरियां छीनी गई। फिर उनकी पढ़ाई पर पाबंदियां लगाई गई। अफगानिस्तान में महिलाएं सिर्फ छठी कक्षा तक ही पढ़ाई कर सकती हैं। न सिर्फ महिलाओं पर प्रतिबंध बल्कि तालिबान ने सत्ता में आने के बाद कई ऐसे कानून लागू किए हैं जो मानवाधिकारों के खिलाफ हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# एक सितम्बर से 25 अक्टूबर तक चलाया जाएगा सड़क मेंटीनेंस कैंपेन : उपमुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश में बरसात से ख़राब हुई सड़कों को ठीक करने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 1 सितम्बर से 25 अक्टूबर तक रोड मेंटीनेंस कैंपेन चलाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कैंपेन के दौरान कार्यों की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए और कामों को निर्धारित अवधि में पूरा करवाया जाए। उन्होंने बताया कि कैंपेन के दौरान सड़क मरम्मत कार्यों के साथ दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ब्लैक स्पॉट्स को सुधारने का काम प्राथमिकता से किया जायेगा। उन्होंने कहा है कि सड़क निर्माण और मरम्मत के कार्यों में निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने वालों के ख़िलाफ़ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**कैंपेन के दौरान यह प्रमुख काम होंगे :** बारिश के दौरान जहाँ सड़कें टूट गई है, वहाँ सड़कें दुरूस्त कर यातायात को तुरंत बहाल किया जाएगा। जिन क्षेत्रों में भारी बारिश/बाढ़ के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई है, उनको आपदा राहत कोष से ठीक करवाने के प्रस्ताव बनाकर जिला कलेक्टर को भिजवाए जाएंगे। जेईएन और एईएन द्वारा सड़कों के गड्ढों/पैच का प्रारंभिक स्थिति निरीक्षण किया जाएगा। पैच मरम्मत के लिए संबंधित अधिकारी अभियन्ता उपखंड या निर्धारित क्षेत्र के लिए 30 अगस्त तक दर अनुबंध करेंगे। पेच मरम्मत का कार्य एक सितंबर से शुरू किया जाएगा जो कि हर हाल में 25 अक्टूबर तक पूरा करना होगा।

**काम शुरू करने और पूरा करने के बाद की फोटोग्राफ़ी/ वीडियोग्राफ़ी करनी होगी :** ठेकेदारों को काम शुरू करने से पहले और काम पूरा होने के बाद सड़क की डिजिटल फ़ोटो और वीडियोग्राफी करवानी होगी। ठेकेदार द्वारा पैचिंग से पहले पैच की मार्किंग और नंबरिंग करवाना अनिवार्य है।